
लखनऊ, सोमवार, 27 मार्च 2023 | Email: starexpressnews@gmail.com | वर्ष : 16 अंक : 33 | पृष्ठ : 8 मूल्य : 1 रुपया

हिन्दी दैनिक/डिजिटल

# स्टार एक्सप्रेस

सोच..... बदलते भारत की

www.starexpress.news



## संक्षिप्त समाचार

### भारी प्रशासनिक फेरबदल, 15 आईपीएस अफसरों का तबादला

(संवाददाता) लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पुलिस महकमे में आज रविवार को भारी प्रशासनिक फेरबदल हुआ है। एक साथ 15 आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया गया। योगी आदित्यनाथ सरकार राज्य में कानून व्यवस्था और प्रशासनिक सुधारों के लिए प्रतिबद्ध है।राज्य सरकार की तबादला नीति का बेहद अहम योगदान है। आज रविवार दोपहर शासन के फैसले ने सबको चौंका दिया और एक साथ 15 आईपीएस अफ्सरों के ताबड़तोड़ तबादलों से यूपी की ब्यूरोक्रेसी में हड़कंप मच गया।जिन अफ्सरों के हुए तबादले हुए हैं, उनमें क्रमशः एन रविंदर एडीजी पुलिस मुख्यालय बनाए गए,उन्हेंडीजीपी के जीएसओ का भी चार्ज दिया गया है। वहीं अमित चंद्रा एडीजी पीटीसी मुरादाबाद ,रामलाल वर्मा आईजी ईओडब्ल्यू ,अनिल कुमार आईजी पीएसी पूर्वी जोन ,रामकृष्ण भरद्वाज प्रमोशन के बाद बस्ती के आईजी,रविंद्र गौड़ गोरखपुर जोन में आईजी पद पर प्रमोट हो गये हैं।

### वाराणसी के होटल में भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे ने की आत्महत्या, मचा हड़कंप

(संवाददाता)वाराणसी। भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे के बनारस के सारनाथ के एक होटल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सारनाथ थाना क्षेत्र के सोमेंद्र होटल में मॉडल और अभिनेत्री आकांक्षा दुबे ने आत्महत्या की है। उनका शव होटल के कमरे में पंखे के कुंडी से लटकता मिला है। सूचना पर पहुंची सारनाथ थाना की पुलिस टीम ने शव कब्जे में ले लिया है। अब आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है। भदोही जिले के चौरी थाना क्षेत्र के परसीपुर की रहने वाली अभिनेत्री आकांक्षा दुबे पिछले दिनों वाराणसी आई थीं। शनिवार रात सारनाथ थाना क्षेत्र के सोमेंद्र होटल में ठहरी थी।रविवार की सुबह उनका शव फंदे से लटकता मिला। आनन फानन में होटलकर्मियों ने सारनाथ पुलिस को सूचना दी। इसके बाद परिजनों को भी घटना की जानकारी दी गई। एसीपी सारनाथ ने अभिनेत्री के मोबाइल समेत अन्य चीजों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। वहीं उनके नंबर की काल डिटेल भी निकाली जा रही है।

### शिवराज सरकार की योजनाओं की जमकर की तारीफ, बोले- इस बार 200 पार...जेपी नड्डा

(एजेंसी) भोपाल। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा रविवार को भोपाल पहुंचे। जहां सीएम शिवराज सिंह चौहान और गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। स्वागत समारोह में नड्डा ने कहा कि जिस तरह से यहां मेरा स्वागत हुआ, उत्साह देखा, यह उत्साह आने वाले समय का संदेश दे रहा है। इस उत्साह को लक्ष्य में बदलकर इस बार 200 पार करना है। नड्डा ने भोपाल पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम सुना। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शिवराज सरकार की योजनाओं की जमकर तारीफ की और सीएम शिवराज को बधाई दी। बहनों के स्वाभिमान की दिशा में यह मील का पत्थर साबित होगी। ये बताता है कि समाज के सशक्तिकरण के लिए हमारे कार्यक्रम किस तरह लक्षित होते हैं। हम सभी वर्ग, सभी समाज को समानता के साथ आगे लेकर बढ़ रहे हैं। गांव, गरीब, वंचितों के साथ प्रदेश की बहनों के सशक्तिकरण के लिए शिवराज सिंह लाडली बहना योजना लेकर आये हैं।

# नारी शक्ति ही भारत की प्राण वायु : पीएम मोदी

(एजेंसी)



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि महिलाएं और बेटियां भारत के सपनों को पूरा कर रहे हैं और नारी शक्ति ही भारत की प्राण वायु है। पीएम मोदी ने रविवार को आकाशवाणी पर अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात के 99 वें संस्करण में राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में अपना परचम लहरा रहीं हैं और अपना अलग स्थान बना रही हैं। ऐसी सभी महिलाएं, बेटियां भारत और भारत के सपनों को ऊर्जा दे रही हैं। नारीशक्ति की ये ऊर्जा ही विकसित भारत की प्राणवायु है। उन्होंने कहा, यह नवरात्र का समय है, शक्ति की उपासना का समय है। आज, भारत का जो सामर्थ्य नए सिरे से निखरकर सामने आ रहा है, उसमें बहुत बड़ी भूमिका हमारी नारी शक्ति की है। हाल-फिलहाल ऐसे कितने ही उदाहरण हमारे सामने आये हैं। आपने सोशल मीडिया पर, एशिया की पहली महिला लोको पायलट सुरेखा यादव जी को जरुर देखा होगा। सुरेखा जी, एक और कीर्तिमान बनाते हुये वंदे भारत एक्सप्रेस की भी पहली महिला लोको पायलट बन गई हैं। प्रधानमंत्री ने ऑस्कर जीतने वाले गुनीत मोंगा और कार्तिकी गोंजाल्विस का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी डॉक्यूमेंट्री एलीफेंट विहस्पर्स ने ऑस्कर जीतकर देश का नाम रौशन किया है। उन्होंने कहा कि देश के लिए एक और उपलब्धि भाभा आणविक शोध केंद्र की वैज्ञानिक ज्योतिर्मयी मोहंती ने भी हासिल की है। सुश्री ज्योतिर्मयी को रसायन विज्ञान और रसायनिक इंजीनियरिंग के क्षेत्र में आई यू पी ए सी का विशेष पुरस्कार मिला है। इस वर्ष की शुरुआत में ही भारत की अंडर -19 महिला क्रिकेट टीम ने टी-20 विश्व कप जीतकर नया इतिहास रचा। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजनीति में नई शरुआत नागालैंड में हुई है। नागालैंड में 75 वर्षों में पहली बार दो महिला विधायक जीतकर विधानसभा पहुंची है। इनमें से एक को नागालैंड सरकार में मंत्री भी बनाया गया है। राज्य के लोगों को पहली बार एक महिला मंत्री भी मिली हैं। तुर्की में भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में राहत के लिए गई राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की महिला सदस्यों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके साहस और कुशलता की पूरी दुनिया में तारीफ हो रही है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र मिशन के तहत शांतिसेना में महिला पलटन की भी तैनाती की है। पीएम मोदी ने कहा कि देश की तीनों सेनाओं में भी महिलाएं शौर्य का झंडा बुलंद कर रही हैं। ग्रुप कैप्टन शालिजा धामी काम्बेट यूनिट में कमांड अपॉइंटमेंट पाने वाली पहली महिला वायुसेना अधिकारी बनी हैं। उनके पास करीब तीन हजार घंटे की उड़ान का अनुभव है। इसी तरह, भारतीय सेना की जांबाज कैप्टन शिवा चौहान सियाचिन में तैनात होने वाली पहली महिला अधिकारी बनी हैं। सियाचिन में जहाँ पारा शून्य से 60) डिग्री सेल्सियस तक चला जाता है।

# कांग्रेस पर जमकर बरसे सीएम

## भ्रष्टाचार में डूबे लोग कर रहे सत्याग्रह की बात : योगी

(संवाददाता)



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने राहुल गांधी की सदस्यता जाने के खिलाफकांग्रेस द्वारा किए जा रहे सत्याग्रह पर तंज कसते हुए कहा कि लोकतंत्र को कमजोर करने वाले सत्याग्रह नहीं किया करते। जो असत्य के मार्ग पर चलते हैं, उन्हें सत्याग्रह की बात शोभा नहीं देती। मुख्यमंत्री आज 26 मार्च को लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी पर जमकर हमला बोला।सीएम योगी ने कहा कि राहुल विदेशों में जाकर अपने ही देश की निंदा करते हैं और भारत में सत्याग्रह का नाटक करते हैं। देश की जनता सब समझ रही है। देश को भाषावाद, क्षेत्रवाद जैसे कई मुद्दों पर बांटने वाले सत्याग्रह की बात कर रहे , मौन जीवों की बात तो दूर, मनुष्य के प्रति भी जिनकी संवेदना न हो, उन्हें सत्याग्रह का अधिकार नहीं है। कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि उन्हें पहले सत्याग्रह का मतलब समझना चाहिए। गांधी जी ने सत्याग्रह किया था, वह अपने जीवन में सदैव सत्य, अहिंसा को स्थान देते थे। इन्हीं बातों के लिए महात्मा गांधी के आग्रह को सत्याग्रह कहा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में काफी लोगों को शासन का मौका मिला, मगर ये लोग मौन जीव दूर, मनुष्य के प्रति भी संवेदनशील नहीं है। ये क्या सत्याग्रह करेंगे असत्य के मार्ग पर चलने वालों को तो सत्याग्रह की बात करने का भी अधिकार नहीं हैं।गले तक भ्रष्टाचार में डूबे इन लोगों के मुंह से सत्याग्रह की बातें शोभा नहीं देतीं। सीएम योगी ने महात्मा गांधी के सत्याग्रह को समझाते हुए कहा कि मन, वचन और कर्म से सत्य के मार्ग पर चलने का आग्रह ही सत्याग्रह है। कांग्रेस के नेता जिनके आचार, विचार और बर्ताव में इन चीजों का कोई अर्थ नहीं, इनके आचरण और व्यवहार, आचार और विचार, कथनी और करनी में अंतर है, वो सत्याग्रह कैसे कर सकते हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सूरत की एक कोर्ट से सजा होने के बाद सुप्रीम कोर्ट के 2013 के फैसले के मुताबिक लोकसभा में उनकी सदस्यता रद्द हो गई है। इसको लेकर कांग्रेस द्वारा सत्याग्रह का दावा किया जा रहा है।

# भारत जोड़ो यात्रा करने वाला शहीद प्रधानमंत्री का बेटा कभी देश का अपमान नहीं कर सकता : प्रियंका गांधी

## राहुल गांधी ने अपना ट्विटर बायो बदला, लिखा अयोग्य सांसद

(एजेंसी) नयी दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रविवार को कहा कि देश को जोड़ने के लिए हजारों किलोमीटर चलने वाला शहीद प्रधानमंत्री का बेटा कभी भी देश का अपमान नहीं कर सकता है। वहीं कांग्रेस ने पार्टी के पूर्व प्रमुख राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराये जाने के खिलाफरविवार को राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन किया। प्रियंका यहां महात्मा गांधी की समाधि राजघाट पर एक सभा को संबोधित कर रही थीं। राहुल गांधी को 2019 के एक आपराधिक मानहानि के मामले में सूरत की अदालत द्वारा दोषी पाये जाने के बाद उन्हें लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहरा दिया गया। प्रियंका ने कहा कि समय आ गया है कि अहंकारी सरकार के खिलाफआवाज उठाई जाए क्योंकि राहुल गांधी को चुनाव लड़ने से रोकना देश और इसके लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। कांग्रेस महासचिव ने आरोप लगाया कि उद्योगपति गौतम अडाणी को लेकर प्रधानमंत्री से सवाल पूछने के लिए राहुल गांधी को अयोग्य ठहराया गया है और जनता इस कार्रवाई के लिए जिम्मेदार लोगों को करारा जवाब देगी। राजघाट के बाहर 'संकल्प सत्याग्रह में जमा हुए लोगों से वाद्रा ने कहा कि मेरे परिवार ने खून से इस देश में लोकतंत्र को सींचा है। हम इस देश में लोकतंत्र के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं। कांग्रेस के महान नेताओं ने इस देश में लोकतंत्र की नींव रखी है। उन्होंने कहा कि समय आ गया है और हम अब चुप रहने वालों में से नहीं हैं।

लोकसभा से अयोग्य घोषित होने के दो दिन बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को अपना ट्विटर बायो बदलकर अयोग्य सांसद (डिस्क्वालिफाइड एमपी) लिख दिया। उनका ट्विटर बायो अब हो गया है रू यह राहुल गांधी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सदस्य और अयोग्य सांसद का आधिकारिक खाता है। गांधी ने शनिवार को कहा था कि लोकतंत्र पर हमला हो रहा है और वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अडानी समूह के बीच संबंधों के बारे में सवाल पूछने से नहीं डरते। उन्होंने दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की थी। मेरी आवाज दबाई जा रही है, राहुल गांधी ने कहा, और दावा किया कि उन्होंने चार मंत्रियों द्वारा लगाए गए झूठे आरोपों के खिलाफ स्पीकर से बात की लेकिन उन्हें बोलने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गौतम अडानी के बीच संबंध कोई नई बात नहीं है। उन्होंने कहा, मैं यह सवाल पूछना बंद नहीं करूंगा कि शेल कंपनियों से जो 20,000 करोड़ रुपये निकले हैं, वह किसके हैं।

# अमेरिका में तूफान की चपेट में आने से 26 लोगों की मौत



(एजेंसी) रोलिंग फोर्क। अमेरिका के मिसिसिपी और अलबामा में शुक्रवार रात को शक्तिशाली तूफान की चपेट में आने से कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। तूफान से मची तबाही के कारण कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए और बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। बचावकर्ता राहत एवं बचाव कार्य में लगे हुए हैं। मिसिसिपी आपात प्रबंधन एजेंसी ने शनिवार को बताया कि तूफान में मारे गए लोगों की संख्या बढ़कर 25 हो गई है और कई लोग घायल हुए हैं। उसने बताया कि राज्य में लापता हुए चार लोगों का पता लगा लिया गया है। इस बीच 'एएल डॉट कॉम' ने बताया कि उत्तरी अलबामा की मोर्गन काउंटी में तूफान के कारण मची तबाही में 67 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने तूफान की पुष्टि की, जिससे मिसिसिपी में जैकसन के उत्तर पूर्व में करीब 96 किलोमीटर तक तबाही मची। ग्रामीण कस्बे सिल्वर सिटी और रोलिंग फोर्क में तूफान से क्षति की सूचना मिली है, जो बिना कमजोर हुए 113 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर पूर्व की ओर विनोना और आमोरी होते हुए अलबामा की तरफबढ़ा। मिसिसिपी के गवर्नर टेट रीव्स ने आपात स्थिति की घोषणा की और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी संघीय मदद देने का वादा किया है।

# भाजपा का मुकाबला कर रहे क्षेत्रीय दलों का सहयोग करें राष्ट्रीय पार्टियां : अखिलेश

(संवाददाता)



लखनऊ। 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में विपक्ष को एकजुट करने की मुहिम में जूट समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आज रविवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि राष्ट्रीय दलों को प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी का मजबूती से मुकाबला कर रहे क्षेत्रीय दलों का सहयोग करना चाहिए। उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार पर अपने झूठे आंकड़ों को सही साबित करने के लिए एक विदेशी कंपनी को 200 करोड़ रुपये देने का आरोप भी सपा चीफने लगाया। अखिलेश ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त किए जाने के खिलाफउनकी पार्टी द्वारा पूरे देश में सत्याग्रह किए जाने के बारे में सवाल पर कहा, मैं बधाई देना चाहता हूं कि वह सत्याग्रह और रफ्तार से मनाएं।उन्होंने राष्ट्रीय दलों को संदेश देते हुए कहा, सवाल राहुल गांधी के साथ सहानुभूति का नहीं बल्कि इस बात का है कि देश का लोकतंत्र और संविधान बचेगा कि नहीं। हम किसी दल को सहानुभूति नहीं दे सकते लेकिन यह कह सकते हैं कि प्रदेश में जो मजबूती से भाजपा का मुकाबला कर रहे हैं, उन दलों का सहयोग राष्ट्रीय दलों को करना चाहिए। उन राष्ट्रीय दलों को भूल जाना चाहिए कि क्षेत्रीय दल उनका नुकसान कर रहे हैं। क्षेत्रीय दलों का नुकसान हुआ है तो दिल्ली की सरकारों ने हमेशा उनका नुकसान किया है।उन्होंने कहा, आज सीबीआई, ईडी और आयकर विभाग क्षेत्रीय दलों को निशाना बना रहे हैं, चाहे नेताजी मुलायम सिंह यादव रहे हों, लालू प्रसाद यादव हों, जयललिता रही हों, चाह स्टालिन हों, केसीआर हों, चाहे दिल्ली की आम आदमी पार्टी हो। राष्ट्रीय पार्टियों के लिए क्षेत्रीय पार्टियां खतरा नहीं बल्कि स्थिति आ गई है कि क्षेत्रीय पार्टियां राष्ट्रीय पार्टियों का मुकाबला करेंगी। उन्होंने एक सवाल पर कहा, गठबंधन बनाना हमारा काम नहीं, गठबंधन के साथ सहयोग करना हमारा काम है।भाजपा कोई दल नहीं है बल्कि न जाने कैसा संगठन है। सवाल यह नहीं है कि सांप्रदायिक कौन है। हमारे देश का पढ़ा-लिखा और जागरूक वर्ग सांप्रदायिक हो जाए और वह झूठ को सच मानने लगे तो उससे बड़ा खतरा समाज और लोकतंत्र को कोई नहीं हो सकता।आज हम उस स्थिति में पहुंच गए हैं। समाजवादी पार्टी पांच जून तक प्रदेश के हर लोकसभा क्षेत्र में प्रत्येक बूथ पर अपना संगठन तैयार कर लेगी और लोकसभा चुनाव मेंभाजपा का मजबूती से मुकाबला करेगी। सपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरणमय नंदा ने कहा कि कोलकाता में हुई पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक मेंआगामी लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की 80 में से कम से कम 40 सीटों पर जीत हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# माफिया अतीक को यूपी पुलिस लेकर रवाना

## उमेश हत्याकांड को हुए एक महीने, असली आरोपी पकड़ से दूर

(संवाददाता)



प्रयागराज। उमेश पाल हत्या कांड में मुख्यरुप से भूमिका निभाने वाले माफिया अतीक अहमद को देर शाम साबरमती जेल से यूपी पुलिस लेकर रवाना हुई।पुलिस सड़क मार्ग से अतीक को लाएगी प्रयागराज। पूर्व सांसद की सुरक्षा व्यवस्था में 45 सदस्यीय टीम लगी है।जिसमें 1 आइपीएस,3 डीएसपी के अलावा 40 पुलिस कांस्टेबल मौजूद रहेंगे।अतीक को 27,28 मार्च की रात में प्रयागराज लेकर पुलिस पहुंचेगी। कोर्ट में पेशी होगी। उमेश पाल अपहरण मामले में अतीक की पेशी की जाएगी।कोर्ट के फैसले के बाद पुलिस दुबारा कस्टडी में लेगी।उमेश पाल हत्याकांड मामले में अतीक से पूछताछ करेगी। उमेश पाल हत्याकांड को एक माह बीत गया है। लेकिन पुलिस मुख्य आरोपियों को नहीं पकड़ पाई है। सरकार के सख्त निर्देश पर लगातार पुलिस अपनी कारवाई कर रही है।पूर्व सांसद अहमद के परिवार का एक भी सदस्य अभी तक पुलिस की पकड़ मे नहीं आया।पुलिस प्रशासन ने माफिया अतीक के बेटे पर पांच लाख का इनाम भी घोषित किया है।अब तक पुलिस ने एक शूटर समेत दो को मुठभेड़ में मार गिराया है जबकि षड्यंत्र, रेकी और असलहा- पैसा छिपाने में छह को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी अभी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। बता दें कि 24 फरवरी शाम को धूमनगंज का जयंतीपुर इलाका गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा। अपराधियों ने उमेश पाल और उनके एक गनर संदीप निषाद को गोलियों से भून दिया था। जब तक गोलियों की आवाज कान में गूंजती रही तब तक उमेश और उसका गनर तड़पता रहा। बाद में उनके गनर राघवेंद्र सिंह की भी मौत हो गई। पुलिस को कुछ ही घंटों में पता चल गया था कि अतीक के बेटे और उसके गुर्गों ने घटना को अंजाम दिया। मतलब 24 फरवरी को ही पुलिस शूटरों के बारे में जान गई थी लेकिन एक महीना बीतने के बाद भी पुलिस वहीं की वहीं खड़ी है। शूटर न जाने कहां हैं।

### उमेश और अतीक की सालों पुरानी दुश्मनी...

उमेश पाल और अतीक अहमद की दुश्मनी 18 साल पुरानी थी। उमेश अपने रिश्तेदार और दोस्त राजू पाल की हत्या पर मुख्य गवाह बने थे। इसी कारण 2006 में उनका अपहरण कर लिया गया था।

### चार दिन बाद एनकाउंटर में अरबाज को मार गिराया

अगले दिन उमेश की पत्नी ने मफिया अतीक, पुर्व विधायक अशरफ, शाइस्ता, अतीक के बेटे, गुड्डू मुस्लिम, उस्मान समेत अतीक के कई अज्ञात गुर्गों और सहयोगियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज करा दी।

### शाइस्ता को भी नहीं पकड़ पाई पुलिस

इन सारी बातों के बीच सबसे बड़ा यही सवाल है कि जो पांच लोग उमेश को गोली मारते दिख रहे हैं वे कहां हैं? पुलिस उन्हें सात राज्यों से लेकर नेपाल तक ढूंढ रही है लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला है।

CMYK

## संपादकीय

### सेहत का महाव्रत

यह भारतीय मनीषियों की दूरदृष्टि व जीवन के प्रति संवेदनशील नजरिये का ही प्रमाण है कि हमारे तीज-त्योहार ऋतु चक्र से जुड़े रहे हैं। ऐसे वक्त में जब प्रकृति अपने उदात्त रूप में जीवन में नये उत्साह का संचार करती है। इसी कड़ी में साल में दो बार आने वाले नवरात्र पर्व भी मौसम के संधिकाल में आते हैं। पहले, मार्च में जब मौसम ठंड से गर्मी की ओर प्रस्थान कर रहा होता है और दूसरे अक्तूबर के आसपास जब गर्मी के बाद सर्दी की दस्तक हो रही होती है। मौसम के इस संधिकाल में तमाम तरह के परिवर्तन न केवल मानव शरीर में बल्कि अन्य जीव-जंतुओं व सूक्ष्मजीवियों में भी होते हैं। ऐसे में खान-पान के संयम से शरीर में इतनी अतिरिक्त ऊर्जा का संचार किया जाता है ताकि शरीर ऋतु परिवर्तन चक्र के अनुरूप ढल सके। दरअसल, नवरात्र में आठ दिनों का उपवास इसी प्रक्रिया का हिस्सा है। जिसके जरिये हम संयम का पालन करते हुए आत्मबल में वृद्धि कर सकें। दरअसल, ऋषि-मुनियों की स्पष्ट धारणा थी कि हमारा शरीर ब्रह्मांड की तरह से पांच तत्वों से बना है। जिस तरह पृथ्वी, आकाश, वायु, जल और अग्नि प्रकृति में विद्यमान हैं, उसी तरह हमारे शरीर में भी। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि इन पांच तत्वों का शरीर में संतुलन होना ही हमारे स्वास्थ्य की गारंटी भी है। इसी क्रम में आयुर्वेद व योग में ऋषि परंपरा के इस तथ्य को स्वीकार किया गया है कि मनुष्य के शरीर में भी आकाश तत्व का स्थान होना चाहिए। जिसका अभिप्राय है कि हम खाना ठूंस-ठूंस कर न खाएं, व्रत करें। योग में मान्यता रही है कि हम आधा पेट ही भोजन करने से स्वस्थ रहते हैं। पेट में एक चौथाई भाग पानी और एक चौथाई भाग वायु यानी आकाश तत्व के लिये होना चाहिए। जिससे शरीर में जठराग्नि खाने को सहजता से पचा सके। यह निर्विवाद सत्य है कि हम बीमार अधिक खाने तथा कम श्रम करने से होते हैं। एक उम्र के बाद शरीर में अधिक भोजन की आवश्यकता नहीं होती। कह सकते हैं कि हमारे पूर्वजों ने शरीर को स्वस्थ्य रखने तथा आध्यात्मिक उत्थान हेतु नवरात्र जैसे व्रत का विधान किया। इस दौरान देवी पूजा नारी सशक्तीकरण का पर्याय है तो कन्या पूजन बेटियों को सामाजिक सुरक्षा देने का संकल्प है। पूरे जाड़ों में लोग ठंड से बचने के लिये गरिष्ठ व ज्यादा पौष्टिक खाना खाते हैं। यह महाव्रत हमारे पाचन तंत्र को विश्राम देने के लिये होता है ताकि गर्मियों में हम हल्का व सुपाच्य भोजन का सेवन आसानी से कर सकें। सात-आठ दिन के व्रत हमें मौसम के चक्र में बदलाव से शरीर की जरूरतों के अनुरूप तैयार करते हैं। विडंबना यह है कि हमने व्रत के दौरान सामान्य भोजन के ऐसे विकल्प तलाश लिये हैं जो न केवल गरिष्ठ हैं बल्कि उपवास के दौरान शिथिल पड़े आंतरिक कोमल अंगों के भी अनुकूल नहीं होते। दरअसल, व्रत का पूरा एक सुव्यवस्थित विज्ञान है। आज देश में फैशन है कि भारतीय परंपराओं को रूढ़िवादिता का जामा पहना दिया जाता है। लेकिन वही बात यदि पश्चिमी देशों से शोध के जरिये सामने आ जाती है तो उसका अंगीकार करने में हम गुरेज नहीं करते हैं। पिछले एक दशक में अमेरिका व यूरोपीय देशों के कई ऐसे विज्ञानियों को नोबेल पुरस्कार मिले हैं जिनका शोध हजारों वर्ष पूर्व भारत के योगियों के योग सिद्धांतों पर आधारित है। दरअसल, आज देश में मधुमेह, हृदय रोग तथा उच्च रक्तचाप जैसे मनोकायिक रोग हमारे खानपान की शैली में आई विकृति की देन हैं। हमारे खाने की गुणवत्ता और उसकी मात्रा का हमारी सेहत से सीधा संबंध है। विडंबना यह है कि हम पांच फीट के शरीर की जरूरतों के बजाय पांच इंच की जीभ के स्वाद को प्राथमिकता देते हैं। जो हमारे खराब स्वास्थ्य का कारण भी है। ऐसा नहीं है कि केवल हिंदू धर्म में व्रत के महात्म्य को स्वीकारा गया है, बल्कि जैन, बौद्ध व इस्लाम धर्म में भी व्रत को महत्व दिया गया। जिसका सीधा संबंध हमारे स्वास्थ्य से है। लेकिन व्रत एक संयम व शुचिता की मांग भी करता है।

## बुजुर्ग जाएं तो जाएं कहा

'जिन्दगी में हर इंसान अच्छा कार्य करके पुण्य कमाना चाहता है और अगले जन्म को सुधारना चाहता है। बहुत से लोग करते भी हैं। कोई गऊ दान को बड़ा मानता है, कोई कन्यादान को बड़ा मानता है, परन्तु पिछले 20 वर्षों में ब के लिए काम करते हुए मैंने जाना है कि इससे बड़ा पुण्य नहीं है और इससे बड़ी निरूस्वार्थ सेवा नहीं है। क्योंकि लड़कियों और गऊदान या स्पेशल चिल्ड्रन के लिए सभी आगे आते हैं, परन्तु बुजुर्गों के लिए कोई बिरले ही आगे आते हैं, क्योंकि इसमें कोई नाम नहीं है। यहां सिर्फआशीर्वाद हैं दुआएं हैं, क्योंकि आज बुजुर्ग हैं कल नहीं हैं और इस उम्र की पीड़ा का अहसास कोई-कोई कर सकता है। यह उम्र सब पर आती है। इसीलिए पिछले 20 वर्षों में हमने अच्छे घरों के बुजुर्ग और जरूरतमंद बुजर्गों के लिए सेवा का काम शुरू किया हुआ है, क्योंकि पीड़ा दोनों वर्गों में अकेलापन, बीमारी जिसके पास पैसे हैं वो भी दुरूखी। उन्हें पैसों के लिए नौकर मार देते हैं या बच्चे लड़ पड़ते हैं और जिनके पास नहीं वह दवाई और खाने को तरसते हैं, जिसके लिए हमने जरूरतमंदों के लिए एडोप्शन की प्रथा चलाई गई है। जो बहुत से लोग कर रहे हैं और बहुत से लोगों को फायदा होता है। परन्तु एक बात मेरे सामने आई है कि बुजुर्गों को एडोप्ट कई लोग बड़े खुशी से शान से करते हैं, परन्तु जब उन्हें लगता है उनका नाम नहीं हो रहा तो वह उन्हें बीच में छोड़ देते हैं तो ऐसे में बुजुर्ग कहां जाएं। मेरी ऐसे लोगों से हाथ जोड़कर प्रार्थना है कि झूठी शान के लिए आगे आकर बुजुर्गों को एडोप्ट न करें, दिल से आशीर्वाद पाने के लिए और अपना अगला जीवन सुधारने के लिए करें, नहीं तो यह बुजुर्ग कहां जाएंगे।कई तो इतने अच्छे व्यक्ति हैं जो अपने माता-पिता की एडोप्शन को भी आगे लेकर चल रहे हैं। जैसे महाशय जी ने जीते जी वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब को बहुत सपोर्ट किया, क्योंकि वो इस अवस्था के दर्द को जानते थे। हर स्थान पर फिजिकल मौजूद रहते थे और सहायता भी करते थे। उनके जाने के बाद भी यह काम रुका नहीं, इस काम को उनका बेटा राजीव गुलाटी कर रहे हैं, जो अपने पिता के आशीर्वाद के साथ-साथ इन बुजुर्गों का आशीर्वाद भी ले रहे हैं। ऐसे ही मालती सिंगल जी ने बुजुर्ग एडोप्ट किए हुए थे। उनके जाने के बाद अब उनके बेटे मनोज सिंघल उनका काम आगे बढ़ा रहे हैं। वो बुजुर्गों की सहायता कर रहे हैं। सिटी पार्क होटल के मालिक राजेन्द्र अग्रवाल जो हर साल महामृत्युंजय मंत्र का जाप के लिए स्थान व बुजुर्गों की सहायता भी करते थे। अब बेटे विजय अग्रवाल ने उनकी सेवा को रुकने नहीं दिया। वो वैसे ही सेवा देने को तैयार हैं भगवान ऐसे पुत्र सबको दें। तलवाड़ परिवार तो तीन पीढियों से सहायता कर रहा है और कुछ ऐसे भी लोग हैं जो शौंक से एडोप्ट कर अपनी फोटो खिंचवा कर बीच में छोड़ देते हैं। उनको लगता है इन बुजुर्गों का क्या वे उम्र भुगत चुके हैं। इनकी क्या सहायता करनी। ऐसे लोगों को तो ध्यान रखना चाहिए की यह उम्र तो उन पर भी आनी है। पिछले 20 वर्षों से वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब अपने बुजुर्गों को खुशियां बांट रहा है। महीने की हर 6 तारीख को उन जरूरतमंदों का प्रोग्राम होता है जिनको आर्थिक सहायता और जरूरत का सामान दिया जाता है। अडोप्शन हमने पहली बार वर्ल्ड में प्रथा चलाई कि बच्चों को तो सब अडोप्ट करते हैं परन्तु ह्यद्गठ्ठद्बशह्म् को एडोप्ट करने की पहल हमने कराई। दरअसल बहुत से बुजुर्गों के बच्चे हमारे पास आते हैं कि हम अपने बुजुर्गों को अपने पास नहीं रख सकते। महंगाई का जमाना है। हम अपने बुजुर्ग पालें या अपने बच्चे। तो मुझे पहले तो बड़ी हैरानगी होती थी कि यह क्या मां-बाप ने कितने प्यार से अपने बच्चों को पाला बड़ा किया पढ़ाया-लिखाया। जब उनका समय आया तो यह बात सोच रहे हैं वो मां-बाप जिन्होंने ऊंगली पकड़ उन्हें चलना सिखाया जिन्होंने तंगी में कभी बच्चे को मालूम नहीं पडने दिया। उन माता-पिता के अन्दर रोटी नहीं जाती थी जब तक बच्चे के अन्दर न जाये। वह मां-बाप जो अपना सब कुछ बेच कर बच्चे को पढ़ाते हैं कि यह बच्चा बड़ा होकर हमारे दुरूख काट देगा। हमारे बुढ़ापे का सहारा होगा, वो बच्चे जिनके मुंह में दांत नहीं थे तो वह उन्हें मुलायम चीजें बना कर खिलाते थे। विटामिन टॉनिक देते थे ताकि उनकी अच्छी तरह ग्रोथ हो। आज जब उनके माता-पिता के मुंह में दांत नहीं तो वह मुलायम चीज क्या उन्हें दो वक्त खिचड़ी, दलिया भी नहीं खिला सकते।

# पंजाब में स्थिति संभाले सरकार

विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने हाल ही में एक बयान दिया कि पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर स्थिति बहुत नाजुक बनी हुई है। श्री जयशंकर चीन के संदर्भ में इस बात को कह रहे थे। हालांकि गलवान प्रकरण के बाद से अब तक प्रधानमंत्री ने चीन का नाम लेकर स्पष्ट तौर पर किसी खतरे का इशारा नहीं किया है। लेकिन उनके मंत्री अब कर रहे हैं, तो यही गनीमत है, क्योंकि खतरे को देखना और समझना, रेत में सिर गड़ाकर नजरअंदाज करने से कहीं बेहतर है। भारत को पड़ोसी देशों से ही खतरा हो, ये स्थिति किसी तौर पर आदर्श नहीं कही जा सकती। हम मजबूती का गान करते रह जाएं और हमारे अगल-बगल दुश्मन रणनीति बनाते रहें, उससे कोई फायदा नहीं होना है। चीन के अलावा पाकिस्तान से भी भारत में घुसपैठ का खतरा हमेशा ही बना रहता है। इस वक्त पंजाब में आर्थिक, राजनैतिक हालात काफी खराब चल रहे हैं। लेकिन इस बीच पंजाब के आईजी सुकचौन सिंह गिल ने अमृतपाल सिंह को पाकिस्तान की आईएसआई से मदद मिलने का अंदेशा जतलाया है। गौरतलब है कि वारिस पंजाब दे संगठन का मुखिया, खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह और उसके कुछ साथियों पर पिछले महीने अपने एक साथी को छुड़ाने के लिए अजनाला पुलिस थाने पर हमले का आरोप है। पंजाब पुलिस ने अमृतपाल सिंह पर छह एफआईआर दर्ज की है और पिछले चार दिनों से गिरफ्तारी के लिए उसकी तलाश की जा रही है। अमृतपाल सिंह इन पंक्तियों के लिखे जाने तक फरार ही है, जबकि उसके कुछ करीबियों को पुलिस ने पकड़ा है। पांच लोगों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) लगाया गया है। कुछ लोगों को असम के डिब्रूगढ़ भी ले जाया



गया है। इस बीच पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय ने पंजाब सरकार की खिंचाई करते हुए सवाल किया कि आपके पास 80,000 पुलिसकर्मी हैं, फिर उसे कैसे गिरफ्तार नहीं किया गया। जब सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि अमृतपाल को छोड़कर बाक़ी सभी को पकड़ लिया गया है तो, कोर्ट ने पूछा कि अमृतपाल सिंह को छोड़कर सभी को कैसे गिरफ्तार किया गया। सरकार की ओर से इसका क्या जवाब दिया जाएगा, ये तो बाद में पता चलेगा। फिलहाल पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा है कि उनकी सरकार राज्य की शांति और सद्भाव को भंग करने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफसख्त कार्रवाई करेगी। उन्होंने ये भी कहा कि उन्हें कई लोगों के फोन आए जो उनकी सरकार की तारीफकर रहे थे। पंजाब सरकार के मुखिया आत्ममुग्धता के लिए बाद में भी वक्त निकाल सकते हैं। उनकी प्राथमिकता पहले इस सीमांत और संवेदनशील राज्य में कानून व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखना होना चाहिए। यह क्या महज संयोग ही है कि पंजाब में जब से आम आदमी पार्टी की सरकार बनी है, अलगाववादी ताकतें सिर उठाने लगी हैं। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने चुनाव प्रचार के दौरान लोगों को प्रयोग न करने की सलाह दी थी। लेकिन कांग्रेस की अंदरूनी खींचतान के कारण पार्टी का जनाधार कमजोर हो गया और पंजाब की सत्ता कांग्रेस के हाथ से निकल गई। आप यहां पहले से अपनी ताकत बढ़ाने में लगी थी और इस बार उसे कांग्रेस को सत्ता से बाहर कर सरकार बनाने का मौका मिल गया। आप ने नौकरी, शिक्षा, ईमानदार प्रशासनिक व्यवस्था जैसे वादे किए थे, लेकिन फिलहाल पंजाब की जनता को इंटरनेट बंद की सौगात मिली है। अमृतपाल सिंह की फरारी के बाद पंजाब में सुरक्षा कारणों से 3 दिन इंटरनेट बंद रहा। मंगलवार को कुछ इलाकों में इसे फिर से शुरु किया गया, लेकिन स्थिति पूरी तरह से सामान्य नहीं है। अमृतपाल सिंह कब तक पकड़ में आएगा, या अगर उसे वाकई पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी से सहायता मिल रही है, विदेशी फंडिंग मिल रही है, तो क्या वह देश के बाहर जा चुका है। उसके मंसूबे क्या है। जिस तरह अपने बयानों में उसने पहले हिंदू राष्ट्र की मांग की तरह खालिस्तान की मांग को जायज बतलाया है, क्या वह देश के लिए बड़ा खतरा नहीं बन चुका है। और जब यह बयान उसने दिया था, तभी उस पर कड़ी कार्रवाई क्यों नहीं की गई। अमृतपाल सिंह के कुछ साथियों को पंजाब से दूर असम ले जाने का कारण क्या हो सकता है। क्या उसके फरार होने के बाद उसके संगठन से जुड़े बाकी लोग शांत बैठ जाएंगे या फिर पंजाब को फिर अस्थिर करने की कोशिशें शुरु होंगी। ये कुछ गंभीर सवाल हैं, जिस पर पंजाब पुलिस और पंजाब सरकार को जवाब देना चाहिए। उन्हें यह भी बताना चाहिए कि अमृतपाल सिंह के करीबियों के पास से भारी संख्या में हथियार कहां से आए। पंजाब जैसे राज्य में सुरक्षा व्यवस्था क्या लचर हो चुकी है कि किसी संगठन के लोग हथियार जमा कर लें और पुलिस को इसकी खबर बाद में लगे। पंजाब में अमृतपाल सिंह की गिरफ्तारी की कोशिशों के साथ ही ब्रिटेन और अमेरिका में खालिस्तान समर्थक हरकतें देखी गईं। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग पर खालिस्तानी समर्थकों ने भारत के तिरंगे को उतारे जाने की कोशिश की, हालांकि, समय पर अधिकारियों ने पहुंचकर राष्ट्रीय ध्वज को बचा लिया, और खालिस्तानी झंडे को वहां से फेंक दिया। इसके बाद अमेरिका रे सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास के बाहर लगे खालिस्तान के समर्थकों ने बैरिकेड्स, दरवाजे और खिड़कियां तोड़े, उन लोगों के हाथों में खालिस्तान का झंडा था। इस घटना का भी वीडियो वायरल हुआ है। भारत से बाहर चल रहा ये घटनाक्रम बता रहा है कि देश में अस्थिरता फैलाने की कोशिशें नए सिरे से शुरु हो चुकी हैं। इस बार अमृतपाल सिंह का चेहरा सामने है। पंजाब ने हिंसा और आतंकवाद का एक लंबा दौर देखा है, इतिहास के उन जख्मों को फिर से कोई कुरेदे, उससे पहले केंद्र और राज्य सरकार को ऐसी किसी भी कोशिश पर सख्ती से काबू पा लेना होगा। राजनैतिक हिसाब-किताब बाद में निपटाया जा सकता है, लेकिन देश को जोड़े रखना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।

# अंधविश्वास : क्या हम पुरातन काल में जी रहे हैं, समाज के लिए घातक

अशिक्षा और अज्ञानता ने अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता को भारत में फैलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रखी हैस यदि अशिक्षित मनुष्य धार्मिक अंधविश्वास को मानता है तो यह बात कुछ थोड़ी देर के लिए समझ में आती है किंतु इस वैज्ञानिक युग में अत्यंत शिक्षित एवं पढ़े-लिखे लोग भी अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता के पीछे भागने लगे तो यह समाज और देश के लिए दुर्भाग्य की बात हैस यह तो तय है की शिक्षा, ज्ञान अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर के विवेकपूर्ण विचारों को सोचने की शक्ति प्रदान करता है और इसके पश्चात ही मनुष्य वैज्ञानिक आधार पर तर्क रखकर अपनी बात को मानना शुरू करता है। पूर्व में हम मानते थे कि पृथ्वी चपटी है किंतु वैज्ञानिक प्रयोगों तथा वैज्ञानिक अनुसंधान के अनुसार यह सिद्ध हो गया कि पृथ्वी गोल है अब लोगों ने लॉजिक और वैज्ञानिक प्रमाण के आधार पर यह मान लिया है की पृथ्वी गोल ही हैस शहीद भगत सिंह ने आजादी के लिए एक संगठन नौजवान भारत सभा का गठन किया और उसके घोषणा पत्र में कहा था कि धार्मिक अंधविश्वास और कट्टरता हमारी प्रगति के बहुत बड़े बाधक है, वह हमारे रास्ते की बाधा साबित हुए हैं उनसे हमें हर हाल में छुटकारा पा लेना चाहिए जोकि आजाद विचारों को बर्दाश्त नहीं कर सकती उसे समाप्त हो जाना चाहिए इसी प्रकार अन्य बहुत सारी कमजोरियां भी हैं जिन पर हमें विजय




प्राप्त करना होगा ,इस कार्य के लिए सभी समुदाय के क्रांतिकारी उत्साह रखने वाले नई सोच के नौजवानों की आवश्यकता हैस उन्होंने बिल्कुल सही कहा था क्योंकि युवा शक्ति ही देश में नए विचारों की क्रांति ला सकती और अंधविश्वास को समूल नष्ट करने में इनकी ऊर्जा इस कार्य के लिए लगाई जा सकती है,पर दूसरी तरफ शिक्षा का प्रचार प्रसार होना भी नितांत आवश्यक हैस शिक्षा ही ऐसा मूल मंत्र है जिससे अंधविश्वास एवं आडंबर की पोल खोली जा सकती शिक्षा से हमारा तात्पर्य विज्ञान से भी है विज्ञान ने अनेक अंधविश्वास को जन सूचियों में अविश्वास के रूप में में स्थापित किया है और शिक्षा तथा विज्ञान तकनीकी ऐसे मार्ग हैं जिन से चलकर हम न सिर्फ चांद पर पहुंचे हैं बल्कि सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से पूरी दुनिया एक परिवार की तरह एक दूसरे के एकदम करीब आ चुकी है ऐसे में अंधविश्वास, धार्मिक कट्टरता एवं संप्रदायवाद की जगह कहाँ बच जाती है भला ? शिक्षा का स्तर ईतना ऊंचा हो जाना चाहिए की इन अंधविश्वासी बातों और मिथकों का अस्तित्व ही मूल रूप से विस्मृत किया जाना चाहिएस बिल्ली के रास्ता काटने से काम रुक जाता है,किसी की छींक देने से अशुभ संकेत स्थापित होने लगते हैं यदि कौवा बोलता है तो मेहमान आने का संकेत माना जाना इन सब बातों की कोई तार्किक अथवा वैज्ञानिक पृष्ठभूमि नहीं है और जनमानस द्वारा अपने दिमाग का प्रयोग कर ऐसी अतार्किक और वैज्ञानिक बातों में विश्वास करना भी अंधविश्वास को सामाजिक स्तर पर मान्यता प्रदान करता है। यह भी अशिक्षा का एक बहुत बड़ा परिणाम है। शिक्षा विज्ञान तथा तकनीकी ज्ञान समाज में तर्कसंगत बातों का विश्वास करने पर भरोसा दिलाता है और धीरे धीरे अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता से मनुष्य को परे ले जाता है। मूलतः अंधविश्वास को दूर करने के लिए हमें शिक्षा जैसे अस्त्र का इस्तेमाल तीव्र गति से किया जाना चाहिए। अंधविश्वास, तंत्र मंत्र के अधीन होकर पशुओं की बलि देना भी एक प्रकार से अंधविश्वास को बढ़ावा देना ही है, तंत्र मंत्र के विश्वास में आकर मानव न केवल पशुओं की बलि देते बल्कि बच्चों की बलि देने से भी नहीं परहेज करता है। समाज में व्याप्त अंधविश्वास तथा कट्टरपंथ का लाभ समाज के कुछ चालबाज तथा धोखेबाज लोग उठाते हैं और यही लोग इन अंधविश्वासी लोगों को भूत, प्रेत ,राहु केतु,काल सर्प दोष इत्यादि का भय दिखाकर पूजा पाठ तंत्र मंत्र के नाम से हजारों रुपए लूट लेते हैं। यह सिर्फगांव में ही नहीं हो रहा है यह शहरों में भी बुरी तरह व्याप्त है तंत्र मंत्र तथा भूत प्रेत से छुटकारा भारत के कस्बों तथा गांव में एक व्यवसाय के रूप में विकसित हो गया है जो देश के लिए एक बड़ी विसंगति और विडंबना है। ऐसे तंत्र मंत्र और भविष्य के दर्शन कराने वाले तांत्रिकों का विज्ञापन न सिर्फबड़े-बड़े अखबारों में बल्कि स्थापित टीवी चौनलों में भी खुल कर दिया जाता है जिससे न सिर्फअनपढ़, अंधविश्वासी बल्कि शिक्षित लोग भी झांसे में आकर बड़ी धनराशि से हाथ धो बैठते हैं। विकसित यूरोपीय देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, आयरलैंड, फ्रांस, इजरायल तथा अन्य देशों में भी अंधविश्वास व्याप्त है किंतु भारत में अशिक्षा के कारण इसकी जड़ें थोड़ी गहरी व्याप्त हैं। शिक्षा के प्रचार-प्रसार तथा मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से अंधविश्वास को जनमानस तथा देर से दूर किया जा सकता है किंतु मूल रूप से प्राथमिक शिक्षा को एक सशक्त माध्यम रखकर अंधविश्वास एवं धार्मिक कट्टरता के विरोध में बातें रखी जाए तो देश एक अंधविश्वास मुक्त राष्ट्र बन सकता है।

# मोदी विरोधी पोस्टर लगाने वालों ने खुद को राजनीतिक रूप से डरपोक साबित कर दिया है

**नीरज कुमार दुबे**

हम आपको याद दिला दें कि ऐसे ही पोस्टर तब भी सामने आये थे जब कोरोना की दूसरी लहर के दौरान भारत वैक्सीन मैत्री अभियान के तहत अन्य देशों को भी कोरोना रोधी वैक्सीन मुहैया करा रहा था। तब दिल्ली में प्रधानमंत्री के खिलाफ अमर्यादित बातें कहते हुए पोस्टर लगाये गये थे।वैसे लोकतांत्रिक व्यवस्था में यह जायज है कि किसी की सत्ता को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया जाये या किसी राजनीतिक दल अथवा नेता के खिलाफ पोस्टरबाजी की जाये। लेकिन यह जायज नहीं है कि पोस्टर लगाने वाला उसमें अपना नाम ही नहीं लिखे। दिल्ली की सड़कों पर जो पोस्टर लगाये गये उसके चलते दिल्ली पुलिस ने सौ से ज्यादा एफआईआर कीं तो विपक्ष ने बखेड़ा खड़ा कर इसे तानाशाही करार दे दिया है। लेकिन पोस्टर लगाने के खिलाफ एफआईआर का विरोध करने वालों को सोचना चाहिए कि अनाम पोस्टर लगाने वाला



अलगाववादी या आतंकवादी भी तो हो सकता है। आज देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ पोस्टर लगा है। यदि इस पर कार्रवाई नहीं हुई तो ऐसे तत्वों का हौसला बढ़ेगा और कल को किसी और के खिलाफ भी ऐसे पोस्टर लगाये जा सकते हैं।वैसे, हम आपको याद दिला दें कि ऐसे ही पोस्टर तब भी सामने आये थे जब कोरोना की दूसरी लहर के दौरान भारत वैक्सीन मैत्री अभियान के तहत अन्य देशों को भी कोरोना रोधी वैक्सीन मुहैया करा रहा था। तब दिल्ली में प्रधानमंत्री के खिलाफअमर्यादित बातें कहते हुए पोस्टर लगाये गये थे। उस समय भी और इस समय भी, दोनों ही बार इसके पीछे आम आदमी पार्टी का हाथ माना गया। रिपोर्टों के मुताबिक, दिल्ली पुलिस ने तो कहा भी है कि कम से कम 2,000 पोस्टर हटाए गए और आईपी एस्टेट में एक वैन से उस समय इतनी ही संख्या में पोस्टर जब्त किए गए थे, जब वह आम आदमी पार्टी के मुख्यालय से निकल रही थी। वैन को जब्त कर लिया गया है और मामले में दो प्रिंटिंग प्रेस के मालिकों सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है।यहां सवाल उठता है कि यदि आम आदमी पार्टी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विरोध करना ही है तो मोदी विरोधी पोस्टरों में वह अपना नाम लिखने से घबरा क्यों रही है? आम आदमी पार्टी ने यदि पोस्टर लगवाये हैं तो उसमें अपना नाम नहीं देकर उसने खुद को राजनीतिक रूप से डरपोक भी साबित कर दिया है। इस मामले में आम आदमी पार्टी का साथ दे रही कांग्रेस से भी सवाल पूछा जाना चाहिए कि अराजक तत्वों का साथ देने की उसकी क्या मजबूरी है? हम आपको बता दें कि पोस्टर छपवाने का जो नियम है उसके तहत उसे छपवाने वाले का नाम और पोस्टर को छापने वाली प्रिंटिंग प्रेस का पूरा पता भी उसमें होना चाहिए। लेकिन दिल्ली में लगे पोस्टरों में इस नियम की अनदेखी की गयी। ऐसे में दिल्ली पुलिस यदि एफआईआर कर रही है तो उसमें क्या गलत है?बहरहाल, जी-20 की अध्यक्षता कर रहे भारत की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली इस समय अंतरराष्ट्रीय गतिविधियों का केंद्र बनी हुई है। ऐसे में सरकार के साथ ही सभी राजनीतिक दलों और जनता का प्रयास रहना चाहिए कि देश के विभिन्न भागों में हो रही जी20 की बैठकों के लिए जो विदेशी मेहमान दिल्ली आ रहे हैं या दिल्ली के रास्ते अन्य शहरों की ओर जा रहे हैं वह भारत की एक सशक्त और संपन्न देश की छवि अपने मन में लेकर जायें। देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ पोस्टरबाजी से अच्छा संदेश नहीं जाता। यदि सरकार की किसी नीति के प्रति विरोध करना है तो लोकतंत्र में उसके लिए जो स्वीकार्य तरीके हैं उनका उपयोग किया जाना चाहिए।

# गहलोत ने मुख्यमंत्री के रूप में अपनी चौथी पारी खेलने का पूरा बंदोबस्त कर लिया है

प्रदेश के आमजन की परेशानियों को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक साथ 19 नये जिलों का गठन कर प्रदेश की जनता को एक बहुत बड़ी सौगात दी है। इसका लाभ कांग्रेस को आने वाले विधानसभा चुनाव में भी मिलना तय माना जा रहा है। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को ऐसे ही राजनीति का जादूगर नहीं कहा जाता है। उन्हें जब भी मौका मिलता है अपनी राजनीतिक जादूगरी के बल पर विरोधियों को चारों खाने चित्त कर देते हैं। विरोधी चाहे विपक्षी दलों के हों या उनकी खुद की पार्टी के हो। मौका मिलते ही वह किसी को नहीं बख्शते हैं। पिछले काफी समय से उन्हें अपनी ही पार्टी के अंदर तगड़े विरोध का सामना करना पड़ रहा है। इसके उपरांत भी उन्होंने हार नहीं मानी और एक-एक कर अपने सभी विरोधियों को राजनीतिक हाशिए पर पहुंचा दिया। अगले विधानसभा चुनाव में मात्र आठ महीने का समय बचा है। इसीलिए गहलोत राजनीति के मैदान में खुल कर खेल रहे हैं। पिछले 30 वर्षों से राजस्थान में हर पांच साल बाद सरकार बदलने का मिथक चला आ रहा है। मगर मुख्यमंत्री गहलोत अगले विधानसभा चुनाव में इस मिथक को तोड़ कर फिर से कांग्रेस की सरकार बनाना चाहते हैं। इसीलिए उन्होंने अपना बजट पास करवाते समय राजस्थान में एक साथ 19 नए जिलों व बांसवाड़ा, पाली, सीकर तीन नए संभागों का गठन कर



अपने 50 साल के राजनीतिक जीवन का सबसे बड़ा मास्टर स्ट्रोक चल दिया है। अभी राजस्थान में 33 जिले कार्यरत हैं। एक नवंबर 1956 को राजस्थान गठन के समय कुल 26 जिले थे। 15 अप्रैल 1982 को भरतपुर से अलग कर धौलपुर प्रदेश का 27वां जिला बना था। 10 अप्रैल 1991 को एक साथ 3 जिले कोटा से अलग होकर बारां, जयपुर से अलग होकर दौसा व उदयपुर से अलग होकर राजसमंद जिले का गठन हुआ था। 12 जुलाई 1994 को श्री गंगानगर से अलग होकर हनुमानगढ़ राजस्थान का 31वां जिला बना था। 19 जुलाई 1997 को सवाई माधोपुर से अलग होकर करौली को 32वां जिला बनाया गया था। 26 जनवरी 2008 को उदयपुर, चित्तौड़गढ़, बांसवाड़ा से अलग होकर प्रतापगढ़ 33वां जिला बना था। 2008 में प्रतापगढ़ के बाद से राज्य में कोई नया जिला नहीं बन पाया। वर्तमान में राजस्थान की आबादी 8 करोड़ से ज्यादा हो चुकी है। पिछले 40 सालों में प्रदेश की आबादी तो दोगुनी हो गई लेकिन जिले केवल सात ही बढ़े हैं। 1981 तक राजस्थान में 26 जिले थे तब राजस्थान की जनसंख्या करीब 3.6 करोड़ थी। आज के समय में आबादी 8 करोड़ से भी ज्यादा है, लेकिन जिले 33 ही बन पाए। आबादी की तरह जिलों की संख्या नहीं बढ़ी। राजस्थान में अंतिम जिला 15 वर्ष पूर्व प्रतापगढ़ बना था। उसके बाद से प्रदेश में लगातार नए जिले बनाने की मांग उठती रही थी। मगर राजनीतिक विरोध की संभावना के चलते किसी भी सरकार ने नए जिलों के गठन का जोखिम उठाना राजनीतिक दृष्टि से सही नहीं माना और नये जिलों का गठन टलता रहा। जबकि क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान देश का पहला व आबादी के हिसाब से सातवा सबसे बड़ा प्रदेश है। जिलों की कमी के चलते प्रदेश में प्रशासनिक कार्यों के लिए लोगों को दूर-दूर भटकना पड़ता है। कई क्षेत्रों में तो जिला मुख्यालय 150 किलोमीटर की दूरी तक स्थित होने से आम जन को बहुत ही परेशानी उठानी पड़ती है। प्रदेश के आमजन की परेशानियों को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक साथ 19 नये जिलों का गठन कर प्रदेश की जनता को एक बहुत बड़ी सौगात दी है। इसका लाभ कांग्रेस को आने वाले विधानसभा चुनाव में भी मिलना तय माना जा रहा है। देश में एक साथ सबसे अधिक जिलों के गठन का रिकॉर्ड भी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम हो गया है। अब तक किसी भी प्रदेश में एक साथ 19 जिलों का गठन नहीं हुआ है। प्रदेश में बनाये गए नए जिलों में जयपुर जिले को तोड़ कर जयपुर उत्तर, जयपुर दक्षिण, दूदू और कोटपूतली जिला बनाया गया है। जोधपुर को तोड़कर जोधपुर पूर्व, जोधपुर पश्चिम और फलोदी में बांटा गया है। श्रीगंगानगर से अनूपगढ़, बाड़मेर से बालोतरा, अजमेर से ब्यावर और केकड़ी, भरतपुर से डीग, नागौर से डीडवाना-कुचामनसिटी, सवाई माधोपुर से गंगापुर सिटी, अलवर से खैरथल, सीकर से नीम का थाना, उदयपुर से सलूंबर, जालोर से सांचोर और भीलवाड़ा से शाहपुरा को काटकर नया जिला बनाया गया है। वहीं उदयपुर को काटकर बांसवाड़ा, जोधपुर को काट कर पाली व जयपुर को काट कर सीकर नए संभाग बनाए गए हैं। इन संभाग मुख्यालयों के तहत कौन-कौन से जिले काम करेंगे यह अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। नकी क्षमता बरकरार है।

# बेटियों के हाथों में यूपी के परिवहन की स्टेयरिंग

## ❑ राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह बोले, ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को दी जा रही ड्राइविंग की ट्रेनिंग



संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में किसी गंतव्य तक जाने के लिए यदि आप यूपी रोडवेज की बस को चुनते हैं तो हो सकता है कि आपका टिकट काटने वाली कंडक्टर कोई महिला हो। ये आपके लिए सामान्य बात हो सकती है, क्योंकि यूपी रोडवेज में काफी समय से महिला कंडक्टर इस जिम्मेदारी का निर्वहन कर रही हैं।

हालांकि सफर के दौरान यदि आपकी नजर ड्राइविंग सीट की ओर जाए और वहां किसी महिला को बस ड्राइव करते देखें तो चौक मत जाइएगा। बेटियां अब उप्र की परिवहन सेवा की भी स्टेयरिंग भी संभाल रही हैं। 2022 में ही यूपी रोडवेज ने पहली बार रोडवेज बस की ड्राइविंग सीट पर महिला ड्राइवर को बिठाया था और तब से अब तक कई और महिलाएं इस भूमिका के लिए तैयार हो चुकी हैं। 31 दिसंबर 2022 को प्रियंका शर्मा उत्तर प्रदेश की पहली रोडवेज बस ड्राइवर बनी थीं। उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा नियुक्त 26 महिला ड्राइवरों में से प्रियंका भी एक हैं। हल्के और भारी वाहनों को चलाने में निपुण इन महिलाओं को रोडवेज के प्रदेश के अलग-अलग डिपो में तैनाती दी गई है। इन्हें इनके गृह जिले के डिपो में 17 महीने तक बसों को चलाने का मौका दिया गया है। जिसके बाद बतौर संविदा चालक रोडवेज में भर्ती कर लिया जाएगा। राज्य में अपनी तरह की यह अनूठी शुरुआत कौशल विकास मिशन और रोडवेज के संयुक्त प्रयास से अंतरर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आठ मार्च 2020 को की गई थी। इसके तहत इन्हें 200 घंटे की हल्के वाहन (एलएमवी) की ट्रेनिंग दी गई। इसके बाद इन्हें 400 घंटों की हैवी वाहन यानी बस (एचएमवी) की ट्रेनिंग दी गई। इस प्रशिक्षण में नियमित कक्षाएं लगीं और इंटरव्यू व प्रैक्टिकल भी शामिल रहा। फिलहाल यूपी रोडवेज में 1104 महिलाएं विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं दे रही हैं। परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह, ने कहा कि मुख्यमंत्री के संकल्प को पूरा करते हुए हम प्रदेश की 2-3 करोड़ 60 साल से ऊपर की महिलाओं को निशुल्क यात्रा कराएंगे। इसके साथ ही ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को ड्राइविंग की ट्रेनिंग कराकर उनसे रोडवेज बसें चलवाएंगे। पिंक बसों में ड्राइवर से लेकर कंडक्टर तक की जिम्मेदारी महिलाएं ही संभाल रही हैं।

# 1090 चौराहे के पास दरोगा ने युवक पर बरसाए थप्पड़

## अखिलेश बोले, क्या यही है 'अमृत-काल', ईज ऑफडूइंग बिजनेस का प्रमाण

संवाददाता



लखनऊ। लखनऊ में दरोगा के मैगी का ठेला लगाने वाले युवक को थप्पड़ मारने का वीडियो सामने आया है। जिसमें दिखाई दे रहा है कि युवक ठेला लेकर जा रहा है। दरोगा उसी के तरफ आगे बढ़ते जा रहे है। युवक के पास पहुंचते ही दरोगा ने दनादन दो थप्पड़ बरसाए। जिसके बाद चौराहे पर भगदड़ जैसा माहौल हो गया। आस-पास खड़े दुकानदार अपना-अपना ठेला लेकर भागने लगे। पुलिस के मुताबिक. यह वीडियो शुक्रवार रात 1090 चौराहे के पास का है। पुलिस की टीम सड़क पर अतिक्रमण करने वालों को भगा रही थी। रात में चौराहे पर खड़ा कोई युवक घटना का वीडियो बना लिया। जिसे आज वायरल कर दिया है। वहीं, इस वीडियो को पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर ट्वीट किया। उन्होंने लिखा- देखो उप्र पुलिस का सरेआम अत्याचार सत्ताधारी जिसे कहते हैं 'अमृत-काल' क्या यही है उप्र में 'ईज ऑफडूइंग बिजनेस' का प्रमाण। पुलिस कमिश्नरेट ने युवक के पिटाई का वीडियो सामने आने के बाद सफाई दी है। उन्होंने कहा है कि यहां पर अवैध रूप से ठेले और लोग सड़क घेर कर खड़े थे। वीडियो में दिख रहे पुलिस कर्मियों (नाइट मोबाइल) से हटाया जा रहा है। पुलिसकर्मियों के द्वारा किए गए अमर्यादित व्यवहार के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।स्थानीय लोग बताते है कि 1090 चौराहे के आस-पास देर रात तक स्ट्रीट फूड वेंडर खड़े रहते है। जिससे जाम की स्थित आए दिन बनी रहती है। साथ ही देर रात तक यहां पर अराजक तत्व एकत्र होते है। जिसके चलते आए दिन विवाद होता है।

## संक्षिप्त समाचार

### एनएसयूआई के छात्रों ने किया प्रदर्शन,राहुल गांधी की सदस्यता रद्द होने पर जताई नाराजगी

संवाददाता, लखनऊ। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द होने के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय में भी विरोध प्रदर्शन देखने को मिला। छात्र संगठन एनएसयूआई से जुड़े स्टूडेंट्स ने शनिवार को परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। डीन स्टूडेंट वेलफेयर कार्यालय का घेराव करने जा रहे स्टूडेंट्स को कैंपस में मौजूद पुलिस और पीएसी के जवानों ने जब रोका तो छात्रों ने जमीन पर बैठकर नारेबाजी शुरू कर दी। इस बीच कुछ छात्रों ने गेट नंबर 1 की तरफ प्रदर्शन करते हुए रोड जाम करने का प्रयास किया। हालांकि मौके पर मौजूद पुलिस बल ने प्रदर्शन कर रहे छात्रों को गाड़ी भरकर इको गार्डन के लिए भेज दिया। एलयू में सुबह से ही एनएसयूआई कार्यकर्ताओं में गहमागहमी देखी जा रही थी। इस बीच पुलिस और पीएसी जवान भी मुस्तैद थे। दोपहर में अचानक से एनएसयूआई से जुड़े छात्रों ने राहुल गांधी के समर्थन में नारेबाजी करना शुरू की। गेट नंबर 1 से मार्च करके रोड जामकर कर प्रदर्शन करने का प्रयास किया। इस बीच पुलिस बल ने सभी को गाड़ी में भरकर ईको गार्डन भेज दिया। प्रदर्शन करने वाले छात्रों में आर्यन मिश्रा,विशाल सिंह,अहमद,प्रिंस, उत्कर्ष,शुभम,पवन समेत तमाम छात्र रहे।

# लखनऊ विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग की तरफ से सेमिनार का हुआ आयोजन

## लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में महिला सशक्तिकरण पर हुई चर्चा

संवाददाता

लखनऊ ।लखनऊ विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग की तरफ से सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में दर्शनशास्त्र विभाग की शोधछात्रा आरती पटेल ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। उनके द्वारा प्रस्तुत व्याख्यान का विषय केल्सन के शुद्ध विधि का सिद्धान्त था। उन्होंने अपने व्याख्यान में हेन्स केल्सन द्वारा विधि और विधिशास्त्र पर चर्चा कर, बताया गया कि, शुद्ध विधि का सिद्धान्त कोई बहुत नई खोज नहीं थी। इसके साथ-साथ केल्सन के द्वारा अपने पूर्व विचारकों के द्वारा प्रस्ततु विचारों को स्पष्ट और आलोकित करने का प्रयास किया। इस सिद्धात ने विधिशास्त्र से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति को अन्य सामाजिक, वैज्ञानिक, अनुशासनों से पृथक करके देखने का साहस किया। इस आधार पर इसे पुष्ट भी किया गया तथा शुद्ध विधि के सिद्धान्त का विहंगात्मक अवलोकन किया गया। केल्सन के नियामक एवं मूल नियामक के सिद्धांतों को स्पष्ट करने के साथ-साथ अन्य राजनीतिक विचारकों के साथ तुलनात्मक विचार भी प्रस्तुत किये। इस सेमिनार में दर्शनशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. रजनी श्रीवास्तव एवं अन्य विभागीय शिक्षक डॉ. राजेंद्र कुमार वर्मा, डॉ. प्रशान्त शुक्ला, उपस्थित रहे। इसके साथ ही दर्शनशास्त्र विभाग के शोध छात्रों के साथ-साथ स्नातक एवं परास्नातक के छात्र भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम मे दर्शनशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. रजनी श्रीवास्तव एवं समन्वयक विभाग के शोधछात्र अनुज कुमार मिश्रा, सह समन्वयक एवं रिपोर्ट राइटर विभाग की शोधछात्रा इरम खान रहीं। कार्यक्रम



का संचालन विभाग की शोध छात्रा शीतल शर्मा के द्वारा किया गया। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय एवं अधिष्ठाता अकादमिक प्रोफेसर पूनम टंडन की प्रेरणा से अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर ए.के सिंह के संरक्षण में महिला एंटरप्रेन्योरशिप पर चर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें महिला एंटरप्रेन्योरशिप में होने वाली समस्याओं एवं उनके निदान पर विशेष चर्चा सुश्री साक्षी अग्रवाल (सह-संस्थापक थिंकिंग स्प्री, गुरुग्राम (हरियाणा)) द्वारा की गई । जिन्होंने अपने एंटरप्रेन्योरशिप कैरियर के अनुभव के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण एवं महिलाओं को बहुआयामी होने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर औषधि शिक्षण संस्थान के निदेशक डॉ पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन संकाय के कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग के सहायक प्राध्यापक इंजीनियर हिमांशु कुमार शुक्ल, जीशन अली सिद्दीकी एवं विद्यार्थियों द्वारा किया गया।

# रीजेंसी अस्पताल, लखनऊ किडनी स्वास्थ्य पर जागरूकता पैदा करने के लिए वॉकथॉन का करेगा आयोजन

संवाददाता

लखनऊ। अग्रणी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, रीजेंसी अस्पताल सुबह 6.30 बजे से 8.30 बजे तक किडनी रोगों की रोकथाम पर जागरूकता पैदा करने के लिए वॉकथॉन का आयोजन कर रहा है। ये वॉक खुर्रम नगर स्थित रीजेंसी हेल्थ के परिसर से शुरू होगी और एमडी पैलेस पर समाप्त होगी। कुल 2 किमी की दूरी तय की जाएगी। वॉकथॉन का आयोजन इस वर्ष विश्व किडनी दिवस की थीम-किडनी हेल्थ फॉर ऑल के तहत किया जा रहा है। वॉकथॉन में सभी आयु वर्ग के लोग और यहां तक कि मधुमेह, किडनी रोग या मोटापे से पीड़ित रोगी भी शामिल हो सकते हैं। इस पहल में रीजेंसी हेल्थ के डॉक्टर-डॉ. दीपक दीवान, एमडी, डीएम, नेफ्रोलॉजी, रीनल साइंसेज के निदेशक और डॉ. आलोक कुमार पांडे, कंसल्टेंट-नेफ्रोलॉजिस्ट एवं रीनल ट्रांसप्लांट एवं अन्य डॉक्टर भी शामिल होंगे। डॉ दीपक दीवान, एमडी, डीएम, नेफ्रोलॉजी, रीनल साइंसेज विभाग के निदेशक, रीजेंसी अस्पताल, लखनऊ ने कहा, हमारी आबादी का लगभग 17 से 18 प्रतिशत किडनी की बीमारियों से पीड़ित है, लेकिन जब क्रोनिक किडनी रोगों की बात आती है तो जागरूकता का स्तर अभी भी कम है। मधुमेह और उच्च रक्तचाप गुर्दे की बीमारियों के प्रमुख कारण होने के अलावा, गर्मी, तनाव, जल प्रदूषण और कीटनाशकों का उपयोग भी महत्वपूर्ण जोखिम कारक हैं। टहलना सक्रिय और स्वस्थ रहने का एक आसान और प्रभावशाली तरीका है । विशेष रूप से किडनी के सम्बन्ध में, चलने से हृदय संबंधी समस्याओं का खतरा कम हो सकता है। गुर्दे की बीमारी से पीड़ित लोगों, खासकर जब डायलिसिस पर हों, को दिल से संबंधित समस्याएं होने का खतरा अधिक होता है। टहलना आपके पूरे शरीर को गतिमान रखने में मदद करता है। यह आपके शरीर में आपके रक्त को पूरे अंगों में पंप करता रहता है, जो कई स्वास्थ्य स्थितियों के लिए अच्छा है। पैदल चलने के इन फायदों को ध्यान में रखते हुए हम लोगों में जागरुकता पैदा करने के लिए इस वॉकथॉन का आयोजन कर रहे हैं।

# प्राकृत भाषा और साहित्य का भारतीय संस्कृति में अवदान विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

संवाददाता, लखनऊ। उ.प्र. जैन विद्या शोध संस्थान लखनऊ,(संस्कृति विभाग उ.प्र.) के तत्वावधान में जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर ऋषभ देव के जन्मकल्याणक के उपलक्ष्य में 'प्राकृत भाषा और साहित्य का भारतीय संस्कृति में अवदान' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध प्रेक्षागृह गोमतीनगर में शनिवार को मंगलाचरण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। संगोष्ठी के सभा अध्यक्ष संस्थान के उपाध्यक्ष प्रो.(डॉ.) अभय कुमार जैन ने बताया कि आदि तीर्थंकर ऋषभदेव ने असि, मसि, कृषि, शिल्प, वाणिज्य और कला का उपदेश मानव कल्याण के लिए दिया। उनकी प्रथम पुत्री ब्राह्मी ने सर्वप्रथम लिपि का विकास किया। यह लिपि जैन दर्शन में ब्राह्मी लिपि से आज भी जानी जाती है।डॉ. अभय कुमार जैन ने बताया कि प्राकृत भाषा का उद्भव भी अति प्राचीन है जैन धर्म, वैदिक धर्म और बौद्ध धर्म के पुराणों की रचना में प्राकृत भाषा का प्रचुरता से प्रयोग हुआ। प्राकृत भाषा भारतीय संस्कृति की अति प्राचीन जनभाषा है अत: इसका अध्ययन और विकास आवश्यक है। भारत की प्राचीन संस्कृति को समझने के लिए इस पर शिक्षा और शोध की आवश्यकता है। उ.प्र. जैन विद्या शोध संस्थान इस दिशा में सकारात्मक कार्य कर रहा है। जैन विश्वभारती मानद विश्वविद्यालय ,लाडनू (राजस्थान) के प्रो. नलिन शास्त्री आमुख व्याख्यान देते हुये बताया किप्राकृत वाङ्मय भारतीय संस्कृति की विषद व्याख्या करता है। भोजन, वस्त्राभूषण, आवास, अणु विज्ञान, धातु परिष्करण, समुद्री व्यापार, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, मंत्र,तंत्र, ज्योतिष, खगोल शास्त्र आदि विभिन्न विधाओं में इस भाषा में रचित साहित्य का योगदान है। यह जन भाषा थी और किसी धर्म विशेष नहीं, बल्कि लोक जीवन में स्पंदित थी। आमंत्रित वक्ता एटा के डॉ. योगेश जैन कहाकि महिलाएं पहले प्राकृत भाषा बोलती थी।

# वायु रक्षा कालेज में दीक्षांत सामारोह

संवाददाता

लखनऊ। नं.167 फाइटर कंट्रोलर कोर्स के सफल समापन के उपलक्ष्य में वायु सेना स्टेशन मेमौरा में एक शानदार दीक्षांत समारोह का आयोजन हुआ। वायु रक्षा कालेज (फाइटर कंट्रोलर की मातृ संस्था) में कोर्स का शुभारंभ 02 जनवरी 23 को किया गया, जिसमें 13 वायु सेना अफसरों को प्रशिक्षित किया गया। स्नातक अफसरों को फाइटरकंट्रोलर बैज से सम्मानित करने के साथ ही फाइटर कंट्रोलर कोर्स का यह कार्यक्रम सम्पन्न हो गया। एयर वाइस मार्शल जे एस मान वायु सेना मेडल, वायु रक्षा कमांडर, मध्य वायु कमान मुख्यालयने समीक्षा अधिकारी के रूप में उपस्थित होकर कार्यक्रम की




शोभा बढ़ायी। ग्रुप कैप्टन कमल चड्ढा, स्टेशन कमांडर तथा स्टेशन के अन्य पदाधिकारियों ने समारोह में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान ग्रुप कैप्टन दीपक गौड़, कमान अफसर, वायु रक्षा कालेज ने कोर्स के दौरान किये गये कार्यों एवं गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उत्कृष्टता प्राप्त प्रशिक्षु अफसरों को समीक्षा अधिकारी के कर कमलों द्वारा ट्राफी व मेडल से सम्मानित किया गया। फ्लाईंग ऑफिसरमृदुल दुबे को संपूर्ण कार्य निष्पादन में अच्छा प्रदर्शन हेतु सर्वश्रेष्ठ स्थान प्रदान किया गया और' वायु अफसर कमांडिंग-इन-चीफ, मध्य वायु कमान रोलिंग शील्ड' से नवाजा गया। अपने संबोधन मेंसमीक्षा अधिकारी महोदय ने वायु आपरेशनों के दौरान फाइटर कंट्रोलर अफसरों की जटिल भूमिका की ओर ध्यान आकर्षित किया तथा वायु आपरेशनों के चुनौतीपूर्ण परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए उन्हें तकनीकी विकास के साथ तालमेल बनाकर आगे बढ़ने एवं अपने व्यवसायिक ज्ञान के स्तर को निरंतर बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने दीक्षा प्राप्त अफसरों को भारतीय वायु सेना के लोकाचार एवं परंपराओं को बनाये रखते हुए सफल कैरियर हेतु शुभकामनाएँ व्यक्त की।

# एकेटीयू रजिस्ट्रार सचिन कुमार सिंह निलंबित, राज्यपाल ने जारी किया आदेश

संवाददाता

लखनऊ ।एकेटीयू यानी डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में कुलपति के बाद अब रजिस्ट्रार पर गाज गिरी हैं। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने रजिस्ट्रार सचिन कुमार सिंह को निलंबित कर दिया है। बीते दिनों अनियमितता के मामलों को लेकर कई समितियों का गठन किया गया था। कमेटी की शुरुआती रिपोर्ट और संस्तुति के आधार पर रजिस्ट्रार को निलंबित किया गया है। इसके पहले एकेटीयू के कुलपति प्रो. पीके मिश्रा को भी राजभवन के कोप का भाजन



बनना पड़ा था। नियम विरुद्ध कार्यकलापों और अनियमितता के आरोपों के चलते उन्हें भी पद से हटाकर पुनर्वास विश्वविद्यालय में अटैच कर दिया गया था। बाद में उन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया था। कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल की तरफसे जारी आदेश में कहा गया हैं कि रजिस्ट्रार सचिन कुमार सिंह पर तत्कालीन कुलपति प्रो.प्रदीप कुमार मिश्रा के साथ मिलकर गंभीर वित्तीय अनियमितता सहित तमाम आरोपों पर रिटायर्ड जिला जज आरसी मिश्रा को फैक्ट फाइंडिंग जांच कर 15 दिनों में रिपोर्ट सौंपने के आदेश दिए गए थे। 25 पन्ने की जांच रिपोर्ट 20 मार्च को सबमिट की गई। जांच रिपोर्ट में रजिस्ट्रार सचिन कुमार सिंह पर लगे तमाम आरोपों को प्रथम दृष्टया सही पाया गया हैं। जिसके बाद तत्काल प्रभाव से उन्हें पद से सस्पेंड करते हुए 3 सदस्यीय फाइनल जांच कमेटी के गठन कर जांच पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

# पटरी दुकानदारों से किया जल संरक्षण और पौधारोपण करने का आह्वान

संवाददाता

लखनऊ। पंचतत्व फाउंडेशन की संस्थापक वॉटर वुमेन शिप्रा पाठक द्वारा की जा रही माँ गोमती की पदयात्रा शनिवार को लखनऊ में हनुमान सेतु तक पहुंच गई। वॉटर वुमेन ने पटरी दुकानदारों के साथ संवाद करते हुये जल बचाने और पौधारोपण करने का आह्वान किया। वॉटर वुमेन ने दुकानदारों से डस्टविन रखने का भी संकल्प लिया। शनिवार को वॉटर वुमेन शिप्रा पाठक ने इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे से पदयात्रा शुरू की और शाम को हनुमान सेतु पहुंच कर पदयात्रा का विश्राम हुआ। पीलीभीत जिले में स्थित उद्गम स्थल से शुरू हुई पदयात्रा वाराणसी जिले में स्थित कैथी तक जायेगी, इस दौरान वॉटर वुमेन लगभग 960 किलोमीटर पैदल चलेंगी। वॉटर वुमेन को पदयात्रा में समाज के हर वर्ग का समर्थन मिला रहा है। सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता उनके संकल्प में सहभागी बन रहे हैं और माँ गोमती की दशा



सुधारने में हर तरह से सहयोग करने का वचन दे रहे हैं। शनिवार को वॉटर वुमेन ने रास्ते में पड़ने वाले पटरी दुकानदारों से संवाद किया और जल बचाने के साथ पौधारोपण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अपने आस-पास ही छाया देने वाला एक पौधा लगा लें और उसमें ही प्रतिदिन हर बाद हाथ धोयें, इससे जल का सदुपयोग होगा, आप के हाथ भी साफ होंगे और पौधे को जल भी मिल जायेगा, साथ ही डस्टविन अवश्य रखें, जिसे शाम को निश्चित स्थान पर ही खाली करें, इससे माँ गोमती में गंदगी नहीं जायेगी, यह सब करने के लिये न धन खर्च होगा और न ही समय खराब होगा, इतना कार्य प्रत्येक दुकानदार आसानी से कर सकता है। पटरी व्यापारियों ने वॉटर वुमेन को आश्वस्त किया कि वे आज से इस दिशा में कार्य करेंगे। वॉटर वुमेन की पदयात्रा में सम्मिलित होने के लिये बाराबंकी, बदायूं, सीतापुर और लखनऊ जिले के विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों लोग आये और पंचतत्व की रक्षा-सुरक्षा करने में अपना योगदान दिया। लखनऊ विश्वविद्यालय में संस्कृत विभाग के प्राचार्य डॉ. स्यामलेष तिवारी, आचार्य शिव पूजन दीक्षित, अनिल कुमार वर्मा, राजेश वर्मा, मनोज मिश्र, विजय पांडेय, पप्पू शर्मा, रजनीकांत मिश्रा और अजय पाठक मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि वॉटर वुमेन शिप्रा पाठक ने 28 फरवरी को पीलीभीत जिले में माधोटांडा स्थित उद्गम स्थल पर पूजा-अर्चना कर माँ गोमती की पदयात्रा पर जाने का संकल्प लिया था। 1 मार्च को उद्गम स्थल से उन्होंने पदयात्रा का शुभारंभ किया था। वॉटर वुमेन वाराणसी जिले में कैथी स्थित माँ गोमती के विलय स्थल तक 960 किलोमीटर की पदयात्रा करेंगी। वॉटर वुमेन पीलीभीत, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, हरदोई और सीतापुर जिले की सीमा पार करने के बाद लखनऊ जिले की सीमा में पदयात्रा कर रही हैं।

# मालवाहक गाड़ियों को लूटने वाले अरेस्ट

## हाईवे पर खड़े वाहनों को बनाते थे निशानाय लाखों का माल बरामद

संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में कानपुर हाईवे पर खड़े मालवाहक ट्रकों को लूटने वाले गिरोह का बंथरा पुलिस ने खुलासा किया है। डीसीपी साउथ राहुल राज ने बताया कि प्रदेश में घूम-घूम कर चालक को बंधक बनाकर ट्रक में लदे माल को लूटने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों ने पिछले दिनों कानपुर हाईवे पर खड़े एक ट्रक का सामान लूट लिया था। इनके खिलाफ यूपी के कई जनपदों में दर्जन भर से ज्यादा मामले दर्ज हैं। बंथरा इंस्पेक्टर डॉ. आशीष कुमार मिश्र ने बताया कि डीसीपी साउथ जोन की सर्विलांस सेल टीम की मदद से आसिफ,मेहताब उर्फ कलुआ और शिवशंकर शुक्ला को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से मालवाहक वाहन से लूटी गई 61 पेटी अडानी विलमार किंग्स ब्रांड मस्टर्ड ऑयल, दो पेटी हार्पिक टॉयलेट क्लीनर, दो पेटी कोलिन ग्लास एंड मल्टीसरफेरस क्लीनर और 102700 रुपए नकद बरामद हुआ है। मेरठ कठौर निवारी आसिफ ने बताया कि वह हापुड़ सिकंदरगेट निवासी मेहताब और मेरठ टीपी नगर निवासी शिवशंकर शुक्ला के साथ मिलकर हाईवे किनारे खड़े ट्रकों की रेकी करते थे। जिसमें ज्यादा माल होता था उसके चालक और क्लीनगर को गन प्वाइंट पर बंधक बनाकर लूटपाट करते थे। पुलिस के मुताबिक 16 फरवरी को बंथरा सीजे डारसेल कम्पनी आरटीओ आफिस कानपुर रोड निवासी अभिषेक कुमार ने लूट का मुकदमा दर्ज कराया था। अभिषेक



के मुताबिक, 11फरवरी को अडानी विलमार लिमिटेड का सरसों का तेल गोदाम एमपी एडविल ऑयल एण्ड फूड्स एवी रोड मुरैना मध्य प्रदेश से टाटा ट्रक (नम्बर एमपी 07 एचबी.8389) से लखनऊ आना था। जिसमें 2100 पैकेट ऑयल लोड था। चालक आसिफ खान ने बताया कि जुनाबगंज के पास 12 फरवरी की रात करीब 11.25 बजे नो एन्ट्री होने के दौरान उसे और क्लीनर रमेश यादव को चार लोगों ने बंधक बना लिया। उसके बाद हरौनी और लतीफनगर इलाके बीच ट्रक में लोड ऑयल के पैकेट में से 1850 पैकेट लूट लिये। साथ ही किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी।

# भीषण गर्मी के बीच नि:शुल्क प्याऊ की शुरुआत

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



सुलतानपुर। कटका क्लब सामाजिक संस्था के द्वारा भीषण गर्मी के बीच नि:शुल्क प्याऊ की शुरुआत कटका मायंग रोड रेलवे क्रासिंग के पास शुरू किया गया। नि:शुल्क प्याऊ का उद्घाटन कटका क्लब के कोषाध्यक्ष राजकुमार मिश्रा व संस्था के सलाहकार राजेंद्र यादव ने किया इस मौके पर उपस्थित कटका क्लब के अध्यक्ष सौरभ मिश्रा ने कहा कि उमस भरी भीषण गर्मी में जिले भर के चौराहों पर लोगों को पानी की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा दिक्कत राहगीरों को होती है। दुकानदार बगैर कोई खाद्य सामग्री खरीदे उन्हें पानी छूने नहीं देते हैं। ऐसे में लोगों को प्यासा रहना पड़ता है अथवा पाउच में बिकने वाला प्रदूषित पानी खरीदकर पीना पड़ता है। कुछ ही लोग होते ही जो ब्रांडेड कंपनियों का पानी खरीदने की क्षमता रखते हैं। राहगीरों को पानी की समस्या से दो-चार नहीं होना पड़े इसके लिए सामाजिक संस्था कटका क्लब सामाजिक संस्था की ओर से रविवार को रेलवे क्रासिंग में निरूशुल्क प्याऊ शिविर लगाया गया। इस मौके पर उपस्थित संस्था के कोषाध्यक्ष राजकुमार मिश्रा ने कहा कि यह व्यवस्था पूरी गर्मी भर संचालित रहेगी। इस प्रकार की शीतल जल पेय व्यवस्था दूसरे वर्ष भी की गई है और भी क्षेत्र में लगातार नि:शुल्क प्याऊ लगाए जाएंगे । इस मौके पर संस्था के उपाध्यक्ष त्रिभुवान नारयण सिंह, मनीष मिश्रा , ए के शिक्षा निकेतन ( प्रबंधक) शीतला प्रसाद पांडये, सुधीर यादव , चंदन कुमार ,राम कुमार यादव सामाजिक क्रांति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, शारदा मिश्रा ( पंडित) , राहुल यादव व अन्य लोग उपस्थित रहे ।

# करने को स्वच्छ सीता कुंड धाम, गोमती मित्रों ने किया घंटों श्रमदान

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



सुलतानपुर। गोमती मित्र मंडल परिवार ने अपने साप्ताहिक जागरूकता श्रमदान के तहत रविवार को प्रात: 6:00 बजे से सीता कुंड धाम पर श्रमदान शुरू करते हुए 9रू00 बजे तक पूरे तट, सीता उपवन और धाम परिसर को पूरी तरीके से साफ सुथरा कर दिया, वर्तमान जिलाधिकारी जसजीत कौर ने भी सीता कुंड धाम के सौंदर्यीकरण एवं स्वच्छता के प्रति विशेष रूचि दिखाई है और संबंधित विभागों को सीता कुंड धाम पर बेहतर क्या हो सकता है इसके लिए निर्देशित भी किया है ऐसी जानकारी गोमती मित्रों को प्रदेश अध्यक्ष रूद्र प्रताप सिंह मदन द्वारा दी गई, आरती संयोजक दिनकर सिंह ने गोमती मित्रों से आग्रह किया की हर रविवार होने वाली सायंकालीन आरती में श्रद्धालुओं की बढ़ती हुई भीड़ को देखते हुए सभी गोमती मित्रों का उपस्थित रहना अनिवार्य है ताकि आरती के वक्त की व्यवस्था एवं प्रसाद वितरण सुचारू रूप से हो सके, श्रमदान में मुख्य रूप से उपस्थित रहे संरक्षक रतन कसौधन, मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी, अजय प्रताप सिंह, मुन्ना पाठक, सुनील कसौधन, अनुज प्रताप सिंह, संत कुमार प्रधान, विनोद सेठ, मुन्ना सोनी, विशंभर सोनी, अरविंद सोनी, युवा मंडल अध्यक्ष अजय वर्मा, सेनजीत कसौधन दाऊ, प्रदीप कसौधन, सोनू सिंह, अर्पित, दीपू, दीपक मोदनवाल, सौरभ गुप्ता, आभास, आलोक, प्रांजल, अभय अर्जुन यादव आदि।

# जिला उपाध्यक्ष विक्रमादित्य सिंह का हुआ स्वागत



रायबरेली। पिछले दिनों सम्पन्न जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी के हुए चुनाव में डलमऊ ब्लॉक में कार्यरत शिक्षक विक्रमादित्य को बड़ा पद मिला है। जिला कार्यकारिणी के हुए चुनाव में जिला उपाध्यक्ष निर्वाचित शिक्षक नेता विक्रमादित्य सिंह का स्वागत उनके मूल विद्यालय कम्पोजिट विद्यालय सेन्दुरामऊ में किया गया। उनका स्वागत रायबरेली के साथियों ने फूल माला पहनाकर किया। विद्यालय की तरफसे स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से विनोद, कुलदीप, उदय, राघवेन्द्र, ममता, अजय, शिवलाल, राजेन्द्र आदि शिक्षक रहे।

# बिना फिटनेस सड़को पर बेखौफ दौड़ रहे डग्गामार वाहन

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता




महराजगंज, रायबरेली। एआरटीओ और स्थानीय प्रशासन की खाऊं कमाऊ नीति के चलते बिना कागज और बिना फिटनेस के सड़को पर बेखौफदौड़ रहे डग्गामार वाहन जनता को मौत के मुंह में डालने का कार्य कर रहे है। यही नही इन वाहनों के ज्यादातर चालक नाबालिक और अंनट्रेंद होने के कारण आए दिन एक्सीडेंट हुआ करते है। पिछले दिनो हुए हादसे के बाद भी स्थानीय प्रशासन नही जाग पाया है। जिसके चलते लगातार इन डग्गामार वाहनों में परमिट से दूनी सवारियों को भरकर ले जाने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। बताते चले की बीते दिनो हुए टैंपो दुर्घटना में कुल 12 लोग घायल हो गए थे जिसके बाद भी ए आर टी ओ और स्थानीय प्रशासन ने ए जानने की कोशिश नही की की सात सवारी के स्थान पर 12 सवारी कैसे भरी गई थी। चुकी 12 सवारी का प्रमाण अस्पताल से प्रमाणित हो चुका है इस लिए किसी प्रकार की सफाई की भी जरूरत नही है।आखिर सब कुछ जान कर अनजान क्यों बनी हुई है स्थानीय पुलिस।यही नही कोतवाली से चन्द कदमो की दूरी पर बने बछरावा टैंपो स्टैंड पर दिन भर डग्गामार वाहन परमिट से अधिक सवारी भर कर फर्राटे भरते रहते है किंतु जाने क्यों पुलिस विभाग इस पर अंकुश नही लगा रहा।आश्चर्य तो तब होता है जब मोटर साइकिल पर बैठी तीन सवारी इनको नजर आ जाती है किंतु सात के स्थान पर बिक्रम की 14 सवारी इनको नजर नही आती। डग्गामार वाहनो के चालक आगे वाली सीट पर तीन बीच वाली पर चार वही सबसे पीछे सीट पर चार सवारी सहित कुल 11 सवारी के साथ खुद ड्राइवर यानी कुल 12 सवारी भर कर बेखौफरोड पर दौड़ते रहते है।किंतु पुलिस प्रशासन इसे अनदेखा किए रहता है। यही नही राय बरेली रोड पर चलने वाले बिक्रम ए आर टी ओ कार्यालय के सामने से आया जाया करते है। किंतु किसी अधिकारी ने इसकी जांच करने की जहमत नहीं उठाता आखिर क्यों। सवारियो से जानकारी करने पर उन्हों ने बताया की बीस किलो मीटर का 40 रुपए किराया लिया जाता है किंतु ढग से बैठने तक स्थान नही मिलता।

# अवैध गांजा के साथ अरेस्ट कर भेजा जेल



स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

महराजगंज, रायबरेली। कोतवाली पुलिस ने बीती देर शाम गश्त के दौरान पांच किलो अवैध गांजा के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। दोनों युवकों के विरुद्ध संबधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने उन्हें जेल भेज दिया। शनिवार की देर शाम कोतवाली के एसआई आशीष मलिक व सौरभ मलिक हमराही सिपाही राजकुमार व धर्मेन्द्र के साथ गश्त कर रहे थे। दुसौती नहर पुल पर पुलिस को देखते ही पुल की तरफआ रहे दो व्यक्ति वापस भागने लगे। जिन्हें पुलिस वालों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। पुलिस की पूछताछ में पहले ने अपना नाम अजय सिंह व दूसरे ने चंद्रप्रकाश सिंह तथा कोतवाली क्षेत्र के दुसौती गांव का निवासी बताया।जमा तलाशी में अजय सिंह के पास से तीन किलो व चंद्र प्रकाश के पास से दो किलो अवैध गांजा बरामद हुआ। कोतवाली पुलिस अवैध गांजा के साथ पकड़े गए दोनों युवकों को कोतवाली ले आई। जहां दोनों के विरुद्ध विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करने के बाद कोतवाली पुलिस ने रविवार को उन्हें जेल भेज दिया।

# आपातकालीन सेवाएं सुदृढ़ करने को टीम ने किया पड़ताल

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

जौनपुर। आल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एम्स) नई दिल्ली तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन की संयुक्त आब्जर्वर टीम ने उमानाथ सिंह स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल परिसर तथा जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। टीम ने कोलैबोरेटिंग सेंटर फॉर इमरजेंसी एंड ट्रामा की मंशा के अनुरूप आपातकालीन विभाग के सुदृढ़ीकरण के लिए जांच-पड़ताल की। टीम के प्रभारी जगदीश चंद्र ने इमरजेंसी विभाग, मेडिसिन वार्ड, सर्जिकल वार्ड, ब्लड बैंक एवं अन्य विभागों की जांच की। मौजूद चिकित्सक, फार्मासिस्ट, नर्स और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों से भी बात की। उन्होंने लोगों को ष्सतत संजीवनीष् कार्यक्रम के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि यह विश्व स्वास्थ्य संगठन, कोलैबोरेटिंग सेंटर फॉर एमरजैंसी एंड ट्रामा, एम्स नई दिल्ली के दिशा-निर्देशानुसार प्रदेश सरकार की ओर से चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों में इमरजेंसी विभाग को सुदृढ़ किया जा रहा है। उपलब्ध संसाधनों एवं मानव संसाधन के माध्यम से इमरजेंसी विभाग की कार्य क्षमता बढ़ाई जा रही है जिससे इमरजेंसी और ट्रामा रोगियों की जान बचाई जा सके। डॉ एए जाफरी ने बताया की उमानाथ सिंह स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय में अभी इंडोर सेवाएं नहीं शुरू हो पाई हैं। जल्द ही शुरू हो जाएंगी। इसके तहत इमरजेंसी विभाग भी शुरू किया जाएगा। इमरजेंसी विभाग में इमरजेंसी मेडिसिन डिपार्टमेंट के संकाय सदस्य तथा सीनियर और जूनियर रेजिडेंट भेजे जाएंगे जिससे इमरजेंसी विभाग सुचारू रूप से कार्य कर सके। साथ ही जिला चिकित्सालय पर अतिरिक्त मरीजों का बोझ कुछ कम हो सके। निरीक्षण के दौरान उमानाथ सिंह राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 एए जाफरी ने टीम को जांच में सहयोग दिया। टीम के प्रभारी जगदीश चंद्र के साथ चिकित्सा महाविद्यालय के सदस्य तथा जिला चिकित्सालय के लोग मौजूद रहे।

# यूपी पुलिस ही लाती है भय मुक्त समाज : वीरेंद्र महाराज

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



हरदोई। शाहाबाद-जय भोले सेवा समिति पुलिस व समाजसेवियों को सजगता से अपने कार्य को करने के लिए यूपी रत्न से सम्मानित किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में शाहाबाद कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्रा रहे।संस्था प्रमुख वीरेंद्र महाराज ने कहा कि यूपी पुलिस यूपी के लोगों की धड़कन है हम सब लोग चौन से सोते हैं इसके लिए यूपी पुलिस रात भर जागती है हमारे त्यौहारों को पुलिस के प्रयासों से चार चांद लगा दिया जाते हैं सभी यूपी के सम्मानित अधिकारी एवं पुलिसकर्मी एवं पत्रकार बंधुओं आप सभी का हृदय से आभार आपकी सेवा को नमन आपके त्याग को नमन करते हैं।समिति की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिव्यता जी ने कहां की सम्मानित पुलिसकर्मियों की सेवाओं एवं सराहनीय कार्य लिए यूपी रत्न अवार्ड से सम्मानित किया है पत्रकारबंधुओं की लेखनी से समाज के वर्ग की आवाज पढ़ने को मिलती है।संस्था की राष्ट्रीय सचिव मनिका गुलाटी ने बताया की पुलिसकर्मियों के त्याग की वजह से हम लोग अपने घरों में चौन से सो पाते हैं पत्रकार बंधुओं की लेखनी के माध्यम से हजारों गरीब परिवारों को न्याय की रोशनी मिलती है समाजसेवियों के प्रयास से दीन दुखियों के आंखों में रोशनी मिलती है प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह राठौर ने कहा हमारी समिति सारे समाजसेवियों को हृदय से वंदन अभिनंदन करती है प्रणाम करती है सम्मान करती है सभी समाज सेवी सभी पुलिसकर्मी त्याग की वजह से समाज में भाईचारा प्रेम बरकरार है आप लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपना अमूल्य समय दिया।हम आप अभी को धन्यवाद देते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाहाबाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुरेश चंद मिश्रा ने कहा की समिति द्वारा किए जा रहे कार्य बहुत ही सराहनीय है समिति की जितनी तारीफकी जाए उतनी कम है आज यूपी रत्न अवार्ड देकर जो हमारे पुलिस विभाग का सम्मान किया है इसके लिए समिति का हमेशा आभारी रहूंगा ।बच्चो के द्वारा सांस्कृतिक गीत एवं सांस्कृतिक नृत्य एवं भजनों का आयोजन किया गया मौके पर राजेंद्र गुरु जी लालाराम दीक्षित मयंक राजपूत साकिब खान दिव्यता मनिका गुलाटी कमल किशोर रेनू वर्मा नीतू सिंह रेखा कुशवाहा, दिव्यांशी अवस्थी,राम सिंह मदन राठौर रामजी वर्मा गंगाराम राठौर अवंतिका तिवारी मुस्कान सिंह सुनील गुप्ताश्पप्पूश, सुतीक्षण राठौर, मयंक राजपूत, तैय्यब खान, रामजी शर्मा, राम किशोर प्रजापति, शिवदयाल राठौर , शिवकुमार राठौर, शिवनन्दन राठौर, मुकेश राठौर, अमित राठौर, रामू राठौर हसनैन वारसी, बाबी गुप्ता, मुस्कान सिंह, शीतल कुशवाहा, शिवपूजन राठौर, लकी खान, शिवम राठौर।

# दोहरे हत्याकांड का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल

## मुठभेड़ में एक आरक्षी के भी लगी गोली

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता




हरदोई। जनपद के मझिला थाना क्षेत्र में तीन दिन पहले हुए दोहरे हत्याकांड का नामजद अभियुक्त शनिवार की शाम मझिला थाना क्षेत्र में ही पुलिस मुठभेड़ में घायल हुआ है जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया है।वहीं अभियुक्त द्वारा चलाई गई गोली से एक आरक्षी भी घायल हुआ है।पुलिस अधीक्षक ने घटना स्थल पहुंचकर जांच पड़ताल की। प्राप्त विवरण में तीन दिन पूर्व मझिला थाना क्षेत्र में चुनावी रंजिश में पारा गांव के प्रधान के भतीजे सहित एक अन्य व्यक्ति की हत्या व एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल किया गया था।जिसमे दस लोगों को नामजद किया गया था।आई जी जोन के निर्देश पर पुलिस की सक्रियता से दस में चार नामजद को मझिला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था।जिन्हे जेल भेजा गया।पुलिस को मुखबिर की सूचना पर एक अन्य नामजद आरोपी के चठिया पुल पर खड़े होने की सूचना मिली।मझिला थाना प्रभारी धर्मदास सिद्धार्थ मय पुलिस फोर्स के चठिया पुल पहुंचे।आरोपी ने पुलिस को देखकर खुद को झाड़ी में छिपाते हुए पुलिस पर फायर कर दिया पुलिस ने अपने बचाव में भी फायरिंग की।पुलिस की गोली आरोपी के पैर में लगी।घायल आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।आरोपी की फायरिंग में आरक्षी मुकुल पावर के हाथ को छूती हुई गोली निकल गई जिससे वो घायल हो गया।पुलिस ने गिरफ्तार नामजद आरोपी कल्लू सिंह के पास से एक तमंचा 315 बोर तथा दो जिंदा कारतूस व दो खोखा बरामद किया कल्लू के पास हटौड़ा भी बरामद किया है।मुठभेड़ की सूचना पर पुलिस अधीक्षक ने घटना स्थल का निरीक्षण कर ट्रामा सेन्टर में घायल आरोपी व आरक्षी से घटना की पूछताछ की।

# स्मैक के साथ पुलिस ने एक को धर दबोचा

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता




हरदोई। पाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 20 ग्राम स्मैक बरामद की पुलिस अधीक्षक के निर्देश के बाद अपराध व अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए स्थानीय पुलिस भी इस समय कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है रविवार की सुबह ख़ास मुखबिर की सूचना पर उप निरीक्षक संदीप कुमार तिवारी हेड कांस्टेबल राजेश कुमार कांस्टेबल विनय कुमार कांस्टेबल विनय कुमार की टीम भरखनी क्वार्टर पुलिया के पास पहुंची तो वहां खड़ा एक व्यक्ति पुलिस को देखते ही भागने लगा पहले से सतर्क पुलिसकर्मियों ने उसको धर दबोचा तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 20 ग्राम स्मैक बरामद हुई पूछताछ में उसने अपना नाम प्रभात सिंह पुत्र जितेंद्र सिंह निवासी भरखनी बताया थाना अध्यक्ष राजकुमार पांडे ने बताया पकड़े गए आरोपी पर पहले से कई मामले दर्ज हैं एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा जा रहा है।

# महिला को अजगर ने काटा, अजगर को लेकर अस्पताल पहुंची महिला, मचा हड़कंप

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



हरदोई। हरदोई में अजगर के काटने से महिला की हालत बिगड़ गई। घटना की जानकारी होते ही परिजनों ने आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। लेकिन महिला ने तत्परता दिखात वह अपने साथ में अजगर को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चली आई। चिकित्सकों ने इलाज के बाद उसकी हालत सामान्य देखते हुए उसकी छुट्टी कर दी है। वहीं अजगर को पकड़ने क लिए वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने अजगर का रेस्क्यू कर लिया है। मल्लावां क्षेत्र के ग्राम बख्खा पुरवा की रहने वाली शांति देवी पत्नी प्रेम नारायण बीती रात 11रू00 बजे एक अजगर सांप को लेकर (जिसकी लंबाई करीब 5 फीट) परिजनों के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गई। जैसे ही अस्पताल कर्मियों को मालूम हुआ कि एक महिला अजगर लेकर अस्पताल में आई है, तो अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया। पता करने पर मालूम हुआ कि अजगर ने महिला को काटा है। कर्मियों ने तुरंत ही मौके पर मौजूद डॉक्टर जितेंद्र पटेल को बुलाया। महिला को भर्ती कर उसका इलाज किया गया। हालांकि महिला की हालत सामान्य होने पर डॉक्टर व महिला सहित तीमारदारों ने राहत की सांस ली। डॉक्टरों ने कहा कि सांप को पकड़ने क लिए वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने अजगर का रेस्क्यू कर लिया है।

# रामेश्वर मंदिर पहुँचकर रामभक्त पूर्व विधायक ने सुंदर पाठ कर की पूजा-अर्चना

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

खीरों रायबरेली। यशस्वी राम भक्त पूर्व विधायक राकेश सिंह ने भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवराम सिंह की आवाज पहुंचकर प्रधानमंत्री द्वारा मन की बात सुनी यशस्वी राम भक्त पूर्व विधायक राकेश सिंह ने खीरों कस्बे के थाने में रामेश्वर मंदिर पहुँचकर नवरात्र पर सुंदर पाठ कर पूजा अर्चना के दौरान रामेश्वर मंदिर में घंटा बांधा। वही खीरों क्षेत्र के डनडपुर में के न्यू सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज में आज वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यशस्वी राम भक्त पूर्व विधायक राकेश सिंह रहे। बालक-बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। इस दौरान यशस्वी राम भक्त पूर्व विधायक राकेश सिंह ने पेयजल की समस्या सुनकर सोलर टंकी के लिए 5 लाख रुपए की घोषणा की गई। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ की गई। इस दौरान यशस्वी राम भक्त पूर्व विधायक राकेश सिंह का स्कूल द्वारा माल्यार्पण कर अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवराम सिंह, धुन्नी सिंह, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अशोक सिंह, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष शिवराज वर्मा,गौरव सिंह,भाजपा मंडल मंत्री राजन सिंह सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे।

CMYK

# कैशपर माइक्रो क्रेडिट संस्था के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

बांदा। पूरा मामला झील के पुरवा स्थित गीता उपवन मैरिज हॉल का है जहां पर कैशपार माइक्रो क्रेडिट संस्था के द्वारा अपनी सदस्यों को वित्तीय जागरूकता व उनके हितों को ध्यान में रखते हुए आरबीआई द्वारा जारी नए दिशा निर्देशों के बारे में जानकारी देने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया कैशपार हमेशा से ही गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले सदस्यों को वित्तीय सहायता व स्वास्थ्य एवं शिक्षा की सुविधाएं भी प्रदान करती हैं , और जिससे सदस्यों की आर्थिक स्थिति को सुधारने के साथ-साथ वह अपने परिवार की बीमारी और बच्चों को शिक्षा पर ध्यान दे सकते हैं और अपने जीवन स्तर को ऊपर उठा सके कैस्पर प्रीति वर्ष ऐसे कार्यशाला का आयोजन करता है, इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में महिला थाना अध्यक्ष मोनी निषाद बांदा महिला थाना प्रभारी के द्वारा सदस्यों को जागरूक करने के साथ-साथ और अन्य जानकारी भी दी गई । व साथ ही साथ कैशपार के डी आर ओ गिरीश मिश्रा ,सी एच आई बी राजेंद्र प्रसाद ,ए आर ऑडिटर शैलेंद्र शर्मा शाखा प्रबंधक बृजेंद्र तिवारी इस आयोजन में लगभग 200 से अधिक लोग महिलाएं व इस कार्यक्रम में मौजूद रहे वहीं कार्यक्रम में पत्रकारों को भी फूल माला पहनाकर स्वागत सम्मानित किया गया। आयोजन में सभी सदस्यों ने भी बराबर का भाग लिया। इस मौके पर केंद्र प्रबंधन पुनीत कुमार लवकुश कुमार संजीव घोष सोनू सत्येंद्र पाठक कमलेश जितेंद्र त्रिपाठी, राजेश, अंकुश श्रीवास्तव,अमित ,सहित आदि लोग उपस्थित रहे।




# बांदामोडी बवाल सांग हुआ लांच

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

बांदा। बुंदेलखंड के महोबा स्थित सूर्य मन्दिर व खकरा मठ में शूट किया गीत मोड़ी बवाल लांच हो गया है। प्रमुख किरदारों ने प्रेस कांफ्रेंस कर मोड़ी बवाल गीत के बारे में बताया। कालू कुआं स्थिति ग्रीन वैली रेस्टोरेंट में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान अभिनेत्री नेहा कस्यप ने बताया की बुंदेलखंड का मोड़ी बवाल नामक गीत की शूटिंग के बाद यूट्यूब पर लांच किया गया है। इस गीत में बांदा की मिस बुन्देलखण्ड रहीं नेहा कश्यप प्रमुख अभिनेत्री व नवनीत मिश्रा ने प्रमुख किरदार निभाया। गीत की लांचिंग के बाद आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि मोड़ी बवाल नामक गीत बुन्देलखण्ड के सुप्रसिद्ध स्थल महोबा में शूट किया गया है। वहीं गीत में बुन्देलखण्ड की भाषा का ही प्रयोग किया गया है। इस गाना के माध्यम से बुंदेली लैंग्वेज को यहां की लोकल भाषा एवं उनके प्यार करने की तौर-तरीकों को रैप के माध्यम से लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया है यह ऐतिहासिक नगरी महोबा के ऐतिहासिक स्थानों पर फिल्माया गया है जैसे कि सूर्य मंदिर, खकरा मठ और गाने के अनुसार बहुत सारी ऐसी जगह जो उसके लिए सूटेबल थी हम लोगों ने वहां पर गाने को शूट किया है यह गाना बुंदेलखंड के रैपर वा सिंगर रैपर बीट बीट नवनीत द्वारा लिखा और गाया गया है साथ में मिस बुंदेलखंड रह चुकी नेहा कश्यप जी ने अपनी अदाकारी से वीडियो में चार चांद जड़ दिए । गाने को शिवम देवा फोटोग्राफी ने प्रोड्यूस किया है एवं रिकॉर्डिंग वैभव चंसोरिया जी, म्यूजिक - आर्ट वर्क यसकिंग और मिक्सिंग मास्टरिंग शुभम ने की है ।



# रामनवमी शोभायात्रा को सफल बनाने को लेकर निकाली गई जनजागरण रैली

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

महोबा। रामनवमी उत्सव समिति के तत्वाधान में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव इस बार धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा को सफल बनाने के लिए रविवार को शहर में जनजागरण स्कूटी रैली निकाली गई। जनजागरण स्कूटी रैली तहसील स्थित हनुमान मंदिर से प्रारंभ हुई। जो मुख्य बाजार, ऊदल चौक, आल्हा चौक, रोडवेज बस स्टैंड होते हुए तहसील चौराहा में हुई। स्कूटी रैली में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं नारंगी व पगड़ी पहने चलतीं रहीं। डीजे व ढोल नगाड़ों की धुन पर युवा थिरकते रहे। रैली के दौरान जय श्रीराम के जयकारे गूंजते रहे। समिति के संयोजक नीरज रावत ने बताया कि 30 मार्च को रामनवमी पर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। नवीन गल्ला मंडी स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर से शोभायात्रा शुरू होगी। स्कूटी रैली में इंदिरा पुरवार अंजलि पचौरी अंजू गुप्ता उपासना त्रिवेदी वंदना शुक्ला अंकिता गुप्ता प्रियंका गुप्ता पिंकी सोनी छाया तिवारी निधि रावत विनीता गोयल प्रज्ञा द्विवेदी रुचि रिछारिया प्रियांशी आर्य श्रद्धा रावत समेत बडी संख्या में मातृशक्ति शामिल रही।

# मृतक कर्मचारी की पत्नी को शिक्षणेत्तर संघ ने दी सहयोग राशि

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

औरैया। माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ की ओर से उमरैन माध्यमिक विद्यालय के मृतक कर्मचारी की आश्रित पत्नी को संगठन की ओर से मिलने वाली सहयोग राशि प्रदान कीस इसके अलावा बकाया देयकों का भुगतान कराने और विभागीय स्तर पर होने वाले सभी कार्य समय से निपटाने के लिए पूरा सहयोग करने का आश्वासन भी दिया उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ जनपद औरैया का एक प्रतिनिधि मण्डल प्रान्तीय संरक्षक ओम प्रकाश यादव, प्रान्तीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तम कुमार शुक्ला, मण्डल उपाध्यक्ष मनीष कुमार यादव,जिला महामंत्री उमेश कुमार त्रिपाठी एवं संगठन मंत्री सुन्दर



श्याम जिला पंचायत उ0मा0 विद्यालय उमरैन के लिपिक संगठन के सदस्य रहे अशोक कुमार कठेरिया के आवास रुरुखुर्द पहुंचा और परिजनों से मिलकर शोक संवेदना जताई इसके साथ ही संगठन की ओर से दी जाने वाली सहयोग राशि भी मृतक कर्मचारी की आश्रित पत्नी श्री मती राम देवी को संगठन कोष से प्रदान कीस इसके साथ ही संगठन के पदाधिकारियों ने मृतक कर्मचारी के सभी प्रकार के देशों का भुगतान कराने और विभागीय स्तर पर होने वाले अन्य कार्य समय से निपटाने में पूरा सहयोग करने का भी आश्वासन दिया है।

# मां गंगा सेवा समिति फतेहगढ़ उत्तर प्रदेश के साप्ताहिक गंगा स्वच्छता पर्यावरण , सुरक्षा जागरूकता की जगाई अलख

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

फर्रुखाबाद। मां गंगा सेवा समिति फतेहगढ़ उत्तर प्रदेश के साप्ताहिक गंगा स्वच्छता पर्यावरण , सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत आज बरगादीया घाट गंगा तट पर गंगा स्वच्छता एवं जन जागरूकता की अलख जगाई गई। स्वयं सेवकों द्वारा घाट पर झाड़ू एवम फावड़े की सहायता से कूड़े कचरे को एकत्र कर भू विसर्जित किया । आज के श्रमदान के अंतर्गत समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों एवम घाट पर उपस्थित भक्त जनों के सामूहिक प्रयासों के फलस्वरूप तुलसी वाटिका का निर्माण हुआ ।सभी के सामूहिक श्रमदान के अंतर्गत ऊबड़ खाबड़ एवम घास पतेल युक्त जमीन का समतलीकरण और फावड़े और खुरपी के साथ गुड़ाई की गई और उसके पश्चात तुलसी माता के पौधों का रोपण किया गया। इसके पश्चात हमारे उपाध्यक्ष श्री अशोक पाठक की माता जी जिनका पिछले रविवार को देहावसान हो गया था । उनको सभी सदस्यों ने याद किया एवम पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर आशीष मिश्रा, नीतू मिश्रा, अश्वनी त्रिपाठी, राहुल राठौर, राजीव वर्मा, संजू बाथम, आलोक चतुर्वेदी, देव चतुर्वेदी, शुक्ला परिवार आदि गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।



## जिले में हाईस्कूल का 91 प्रतिशत मूल्यांकन पूरा

संवाददाता, औरैया । जिले में बोर्ड परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन तेजी से कराया जा रहा है हाई स्कूल की कॉपियों का 91 प्रतिशत मूल्यांकन जिले में पूरा हो चुका है जबकि इंटरमीडिएट का 85 प्रतिशत मूल्यांकन कराया जा चुका है स 2 दिन में जिले में आवंटित सभी उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा होने की संभावना है माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से जिले में बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कराने के लिए 2 केंद्र बनाए गए हैं। चौधरी विशंभर सिंह भारतीय विद्यालय इंटर कॉलेज औरैया में हाई स्कूल की कॉपियों का मूल्यांकन कराया जा रहा हैस जबकि वैदिक टेक्निकल औद्योगिक इंटर कॉलेज दिबियापुर में इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कराया जा रहा है। दोनों केंद्रों पर पर्यवेक्षक और स्टैटिक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन परीक्षक कर रहे हैंस जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ चंद्रशेखर मालवीय दोनों केंद्रों का निरीक्षण कर लगातार मूल्यांकन पर अपनी नजर बनाए हुए हैं। रविवार को चौधरी विशंभर सिंह भारतीय विद्यालय इंटर कॉलेज में हाई स्कूल की 13358 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया स केंद्र पर अभी तक 171801 कॉपियों का मूल्यांकन पूरा हो चुका हैस ऐसे में 91.11 प्रतिशत उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन केंद्र पर पूरा कराया जा चुका हैस वैदिक टेक्निकल औद्योगिक इंटर कॉलेज दरियापुर में इंटरमीडिएट की 13969 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन रविवार को किया गया है केंद्र पर अभी तक 117579 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा किया जा चुका है सकेंद्र पर कुल 85.02: उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जा चुका हैस जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ चंद्रशेखर मालवीय ने बताया कि जिले में हाई स्कूल की 16764 और इंटरमीडिएट की 20721 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कराया जाना और शेष रह गया है।

# उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्मानित पी आर डी जवान को युवा कल्याण अधिकारी ने सौंपा प्रमाण पत्र

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

फर्रुखाबाद। उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पुलिस अधीक्षक फर्रुखाबाद द्वारा सम्मानित पीआरडी जवान को क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी द्वारा सम्मान पत्र सौंपा गया। वही सम्मान पत्र पाने के बाद पीआरडी जवान ने खुशियां जाहिर करते हुए सभी को धन्यवाद दिया। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक फर्रुखाबाद द्वारा पीआरडी जवान की उत्कृष्ट सेवाओं को लेकर सम्मानित किया गया था। रविवार को क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी जीतू द्वारा सम्मान पत्र पीआरडी जवान को सौंपा गया। जिससे पीआरडी जवान की खुशियों का ठिकाना नहीं रहा। सम्मानित पीआरडी जवान धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि जनवरी महीने में उनकी ड्यूटी शमशाबाद थाने में लगाई गई थी। उस दौरान उन्होंने गस्त व्यवस्था में ईमानदारी के साथ सहयोग किया था। बताया तो यह भी गया है कि उस वक्त शमशाबाद क्षेत्र में अराजक तत्वों का बोलबाला था। कहीं ना कही अराजक तत्व अपराधिक गतिविधियों को अंजाम देकर पुलिस प्रशासन के लिए मुसीबतों का कारण बने हुए थे। उस दौरान ड्यूटी पुलिसकर्मियों के साथ शमशाबाद नगर में लगाई गई थी। जहां उन्होंने ड्यूटी के प्रति आस्था जताते हुए इमानदारी से अपना कार्य किया था। पीआरडी जवान की सेवाओं से खुश होते हुए थानाध्यक्ष शमशाबाद ने पुलिस अधीक्षक फर्रुखाबाद को अवगत कराया था। गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक फर्रुखाबाद द्वारा पुलिस के जंजाबी जवानों को सम्मानित किया गया था। जिसमें पीआरडी जवान धर्मेंद्र सिंह भी सम्मिलित थे । उन्हे भी प्रस्त्रीपत्र से सम्मानित किया गया था । उधर पुलिस अधीक्षक द्वारा उपलब्ध कराया गया सम्मान पत्र जिसे क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी जीतू द्वारा पीआरडी जवान को उपलब्ध कराया गया। सम्मान पत्र मिलने के बाद पीआरडी जवान ने खुशियां जताते हुए कहा कि थानाध्यक्ष शमसाबाद मनोज कुमार भाटी द्वारा ड्यूटी के प्रति कर्तव्यों का बोध कराया गया। थानाध्यक्ष शमसाबाद की प्रेरणा के चलते नगर में गस्त व्यवस्था की ड्यूटी कर सका। इस कार्य में चौकी प्रभारी फैजबाग संजय राय का विशेष योगदान रहा। उन्होंने भी ड्यूटी के प्रति ईमानदारी के तरीके बताते हुए ड्यूटी का निर्वाह किस तरह से किया जाये का विशेष योगदान रहा।




# एनएसएस शिविर में योग साधना धर्म आध्यात्म एवं नैतिक ज्ञान की दी गई शिक्षा

## एनएसएस स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं में रैली निकाल यातायात नियमों के लिए किया जागरूक

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

महोबा। वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की चारों एनएसएस इकाइयों के संयुक्त बौद्धिक सत्र में छठे दिन योग साधना, धर्म, अध्यात्म, नैतिक ज्ञान एवं जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि प्रजापति ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बीके सुधा दीदी ने धर्म आध्यात्मिक की विस्तार से जानकारी दी उन्होंने कहा कि धर्म अध्यात्म से अंतर मन पवित्र होता है और मनुष्य राष्ट्र सेवा के लिए तैयार होता है। बीके साधना दीदी ने राजयोग मेडिटेशन के महत्व को बताया उन्होंने आत्मा के सातों गुणों सुख ,शांति ,प्रेम, आनंद, ज्ञान, पवित्रता एवं शक्ति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ एलसी अनुरागी ने निरोगी रहने हेतु आयुर्वेद के नियम बताएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य लेफ्टिनेंट प्रोफेसर सुशील बाबू छात्र छात्राओं को आध्यात्मिक से जोड़कर समाज सेवा करने परोपकार करने एवं राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए छात्र छात्राओं को प्रेरित किया। चारों इकाइयों के एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा अपने अपने कार्य क्षेत्र में यातायात नियमों की जागरूकता के लिए जागरूकता रैली निकाली। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ मधुबाला सरोजिनी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ एसएस राजपूत ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर संतोष कुमार पांडे डॉ सोवित कुमार गुप्ता छात्रा अंकिता तिवारी, नैंसी, विभा तिवारी, स्मृति मिश्रा, समीक्षा मिश्रा ,सोरभी, विजय बहादुर अमन ,शिवम, रोहित, अजय, अंशुल आदि उपस्थित रहे।




## कर्ज में डूबे वृद्ध किसान ने की आत्म हत्या

संवाददाता, फर्रूखाबाद । ट्रैक्टर के लिये गये लोन को अदा ना कर पानें और फाइनेंसर की धमकी से आहत वृद्ध किसान नें फांसी लगाकर आत्म हत्या कर लीद्य परिजनों में कोहराम मच गयाद्य पुलिस नें शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया थाना क्षेत्र के ग्राम मोकुलपुर निवासी 60 वर्षीय कल्याण सिंह नें ग्राम करनपुर दत्त निवासी राजकुमार पुत्र वीरपाल के खेत में खड़े शीशम के पेड़ में अपनी धोती से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लीद्य रविवार सुबह परिजनों नें उसके शव को पेंड पर लटका देखाद्य जिससे हड़कंप मच गयाद्य ग्रामीणों की भीड़ मौके पर लग गयीद्य मृतक की पत्नी छोटी बिटिया नें बताया कि विगत वर्ष कल्याण सिंह नें एक फाइनेंस कम्पनी से लोन लेकर पुराना ट्रेक्टर खरीदा थाद्य जिसकी लगभग 1 लाख 25 हजार की किश्त चुकानी थीद्य आलू की फसल अच्छे दामों पर विक्रय ना होनें से कर्ज नही चुका सके किस्त अदा न करने पर फाइनेंस कंपनी के एजेंट बीते दिन घर पहुंचे । उन्होंने किस्त जमा करने के लिए कल्याण से कहा तो वृद्ध ने आलू की मंदी के चलते गेहूं की फसल काटकर जमा कर करनें की बात कहीद्य आरोप है कि एजेंट के द्वारा धमकाया गया द्य सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश पटेल फोर्स के साथ मौके पर पंहुचे। उन्होंने छानबीन कीद्य दारोगा उदयवीर नें शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

## मासूम बच्चों ने रमजान में देश में शांति और अमन के लिए की दुआ

संवाददाता, फर्रूखाबाद । यूपी के फर्रुखाबाद के कमालगंज में रमजान के महीने में एक नेकी के बदले 70 नेकियों का सवाब मिलता है ।रमजान में छोटे-छोटे बच्चे भी अल्लाह पाक की इबादत करते हैं और दुआ मांगते,बच्चों ने खुदा से दुआ मांगी है कि देश-दुनिया में शांति रहे और सभी लोग मिल जुलकर रहें ।रमजान के इस पाक महीने में छोटे-छोटे बच्चे भी इबादत कर रहे हैं। खुदा से प्रेम और इबादत के लिए कोई उम्र नहीं होती। खुदा की इबादत कर रहे हैं। इसमें बच्चे भी पीछे नहीं हैं। बच्चे भी इस बरकत के महीने में इबादत कर रहे हैं। बच्चों को काफी खुशी महसूस हो रही है। उलेमा से सुना है कि बच्चे अपने घर से ही सीखते हैं। बच्चों के घर वाले भी बच्चों के उत्साह को देखकर काफी खुश हैं। आयत फारूकी ने बताया कि खुदा की खुशनूदी हासिल करने के लिए भूख और प्यास को बर्दाश्त करना बड़ी बात नहीं है। अल्लाह से देश के अमन चौन की दुआ मागेंगी। आयत फारूकी कहती है कि उन्होंने पहली बार अल्लाह पाक की इबादत की है। बहुत अच्छा लग रहा है। अंदाजा लगा सकते है कि मासूम बच्चों ने दुआ में क्या मांगा होगा ।आयत फारूकी, इजान फारूकी, तहमीर फारूकी, जूनैरा फारूकी, तजीन फारूकी, अरहान फारूकी, अरमान फारूकी फैसल फारूकी, मौलाना की मानें तो ये रहमत और बरकतों का यह महीना है। इस महीने को नेकियों का महीना भी कहा जाता है ।इस पाक महीने में कुरान शरीफ नाजिल हुआ था. कुरान शरीफ में रोजे का मतलब है तकवा यानी बुराइयों से बचना और दूसरों की भलाई करना। गरीबों की मदद करना. रमजान में सिर्फ भूखे प्यासे रहने का नाम रोजा नहीं है। सारी बुराईयों से दूर रहना इस महीने में बेहद जरूरी है।

## महारास लीला का वर्णन सुन श्रद्धालु हुए भाव विभोर

संवाददाता, औरैया। इंद्र ने घनघोर जलवर्षा आरंभ कर दी। तब हमारे कन्हैया ने अपनी अंगुली पर गोवर्धन पर्वत उठा लिया और संपूर्ण ब्रजवासियों के प्राणों की रक्षा की। बृजवासियों को अपनी लीला से निहाल कर दिया। यह बात एक गेस्ट हाउस में चल रही आध्यात्मिक श्रीमद् भागवत कथा सुनाते हुए स्वामी ज्योतिर्मयानंद गिरी जी महाराज ने कही। भागवत कथा सुनाते हुए भागवताचार्य ने कन्हैया की आनंदमयी लीलाओं का बड़ा ही भावपूर्ण वर्णन किया। व्यास ने पूतना वध, तृणावर्त वध, बकासुर वध, राजा कंस द्वारा भेजे गए दुष्टों के उद्धार का बड़ा ही अलौकिक वर्णन किया। कान्हा के माखन मिश्री की चोरी के प्रसंग पर श्रोताओं ने खूब तालियां बजाई। कथा सत्र की समाप्ति पर व्यास ने भगवान श्रीकृष्ण के राधारानी व गोपियों के साथ श्रीमद्भागवत के प्रसिद्ध रासलीला प्रसंग सुनाकर भाव विभोर कर दिया। गोपियों और ग्वाल बालों का प्रसंग सुनाया। भागवत कथा पंडाल में परीक्षित नरेंद्र कुमार गुप्ता, रिचा शिवहरे, जिला मंत्री भुवन प्रकाश गुप्ता , क्षत्रिय महासभा के संरक्षक व ईट निर्माता समिति के जिला अध्यक्ष रविंद्र सिंह कुशवाह, सभासद राहुल गुप्ता सहित दीक्षांत शिवहरे,प्रियंका शिवहरे, प्रिया शिवहरे, चंद्रकांता गुप्ता, शिवलता शिवहरे, विनोद शिवहरे, महेश, रामनरेश,राज, नरेंद्र कुमार,रमाकांत, अशोक, शिवकुमार आदि सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## बसंत गुप्ता बने प्रिंट एवं इले. जर्नलिस्ट एसो. के जिलाध्यक्ष, जनपद के पत्रकारों ने जताई खुशी, दी शुभकामनाएं

संवाददाता, बाँदा। प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक जर्नलिस्ट एसोशिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरीश चंद्र कुशवाहा द्वारा संगठन का विस्तार करते हुए राष्ट्रीय व प्रांतीय स्तर पर पदाधिकारियों को जहां नई जिम्मेदारियां दी गई, वहीं बसंत गुप्ता को संगठन का बाँदा जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया हैं। प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरीशचंद्र कुशवाहा द्वारा केएस दुबे को राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किए जाने के साथ ही उन्हें चित्रकूटधाम मंडल बाँदा, झाँसी मंडल व कानपुर मंडल का प्रभारी नियुक्त करने के साथ प्रदेश सचिव नंदकिशोर शिवहरे को बाँदा मंडल प्रभारी तथा बसंत गुप्ता को बाँदा जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया हैं। संगठन के विस्तार एवं नव नियुक्त जिलाध्यक्ष को प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के पत्रकारों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी हैं। इस बीच नवनियुक्त जिलाध्यक्ष बसंत गुप्त ने कहा है कि वह संगठन के माध्यम से पत्रकारों के मामलों को प्रमुखता के साथ शासन और प्रशासन के समक्ष उठाते रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि पत्रकारों के हित में वह अपने प्रयासों को अनवरत रूप से जारी रखेंगे। क्योकि जनपद के पत्रकारों का हित उनके लिए पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि वह जल्द ही जिला कमेटी का गठन करेंगे। श्री गुप्त के जिलाध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर वरिष्ठ पत्रकार रमेश शर्मा, मनोज सिंह, आशीष श्रीवास्तव, रामकृष्ण गुप्ता, उपजा जिलाध्यक्ष सीपी तिवारी, संदीप तिवारी, प्रदीप सिंह, दीपक गुप्ता, सीमा गिरी आदि ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए उन्हें बधाई प्रेषित की हैं।

## नवरात्रि व रमजान माह को लेकर शांति व्यवस्था बनाये रखने को पुलिस बल ने किया पैदल गस्त

संवाददाता, महोबा। एसपी अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक आर0के0 गौतम के निकट के पर्यवेक्षण में जनपदीय पुलिस बल द्वारा जनपद के संवेदनशील स्थानों पर प्रभावी पैदल गस्त की गयी तथा व्यापारी बन्धुओं से वार्ता कर उनको अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने व अफवाहों पर ध्यान न देने हेतु की गयी अपील, स्थानीय लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखनें,अराजकता फैने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की गयी। जनपदीय पुलिस द्वारा संवेदनशील स्थानों पर प्रभावी पैदल गस्त की गयी । स्थानीय लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखनें,अराजकता फैलाने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की गयी तथा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल में तथा सभी थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार,धार्मिक-स्थल, बस-स्टैण्ड,रेलवे स्टेशन ढाबा आदि जगहों पर पैदल गस्त करते हुए यातायात नियमों को उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए वाहनों के चालान व सीज करने की कार्यवाही की गई। जनपदीय पुलिस द्वारा शराब की दुकानों का निरीक्षण किया गया एवं सेल्समैन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए व यातायात नियमों के उल्लंघन करने पर वाहनों के 85 ई-चालान किये गये ।

# प्रदेश माटीकला बोर्ड सदस्य मण्डलीय बैठक

संवाददाता




कानपुर। कानपुर उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा मण्डलीय स्तरीय माटीकला पुरूस्कार तथा निशुल्क दिया (दीपक) मेकिंग मशीन /पापकार्न /दोना पत्तल मशीन वितरण का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि सतीश प्रजापति सदस्य उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड थे।सुरेश गुप्ता अध्यक्ष उत्तर प्रदेश खादी ग्रामोद्योग महासंघ ने सदस्य माटी कला बोर्ड के सामने मशीन की गुणवत्ता का मामला उठाया। उक्त कार्यक्रम में मोटीकला ध् पॉट्री द्वारा दिया (दीपक) मेकिंग मशीन जो उद्यमियों को दिये गये वह गुणवत्तापूर्ण नहीं हैं। जिसपर मौजूद सुरेश गुप्ता अध्यक्ष उत्तर प्रदेश खादी ग्रामोद्योग महासंघ ने सतीश प्रजापति सदस्य माटी कला बोर्ड के सामने मशीन की गुणवत्ता का मामला उठाया। गुप्ता ने कहा कि जो गुणवत्ता की दिया (दीपक) मशीने दी जा रही है उसका वजन 80-100 किलो होना चाहिए और दीपक बनाने की कैपिसिटी 3000 प्रतिदिन होनी चाहिए परन्तु न तो उक्त मशीन का वजन मानक के अनुसार नहीं हैं और जो उसकी बनावट स्वीकृत हुयी थी वह भी उसकी तरह नहीं है। यह परम्परा माटीकला के कारीगरों के साथ बेईमानी है जो प्रदेश के 75 जिलों में 47100 रू प्रति मशीन के हिसाब से निश्चित हुआ है। जो माटीकला से जुड़े उद्यमी है उनके साथ बेईमानी है। वहां मौजूद माटीकला से जुड़े लोगों ने भी मशीन की बनावट पर सवाल उठाये और कहा कि यह मशीन उपयोग में लेने योग्य नहीं है। जिसपर शसतीश प्रजापति सदस्य माटीकला बोर्ड ने भी उक्त मशीनों की गुणवत्ता के संबंध में कहा कि इस संबंध में जांच करायी जायेगी और जो दोषी होगा उसके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

## समाधान नहीं होने पर सरकार के खिलाफआंदोलन करने की भाकियू असली अराजनैतिक बनाई रणनीति

संवाददाता, हापुड में भारतीय किसान यूनियन असली अराजनैतिक की समीक्षा बैठक चौधरी रणबीर सिंह दादरी की अध्यक्षता में हुई एके गार्डन में हुई बैठक में मुख्य वक्ता संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता हरीश हूँण व राष्ट्रीय प्रवक्ता ने सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा किसानों को सिंचाई मुफ्त का वादा किया है किसान अपनी टूवेल पर मीटर नहीं लगने देगे और अगर 31 मार्च तक आवारा पशुओं का समाधान नहीं किया तो सरकार के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा सरकार वादा करके वादाखिलाफी करती है जिससे किसान मजदूर का उत्पीड़न हो रहा है,जिला अध्यक्ष देवेंद चौधरी के नेतृत्व में संगठन में विस्तार किया गया करीबन 50 युवाओं ने सदस्यता ली और युवा जिला अध्यक्ष ,ललित सिरोही एवं हापुड़ नगर अध्यक्ष सचिन तेवतिया, युवा नगर अध्यक्ष प्रिंस चौधरी मेरठ



नियुक्ति की गई एवं अन्य पदों पर सदस्य ली हापुड़ जिले के सभी पदाधिकारी इस समीक्षा बैठक में उपस्थित रहे। जिला महामंत्री सुमित मावी, जिला महासचिव मुकेश पंडित, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रधान सादाब चौधरी, मेरठ जिला मीडिया प्रभारी अबसार अली ,जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र चौधरी, जिला उपाध्यक्ष अनुज प्रधान ,युवा जिला प्रभारी भानु गुर्जर अधिवक्ता जिला उपाध्यक्ष हरीश जेटली, जिला सचिव प्रमोद त्यागी, अधिवक्ता प्रकोष्ठ अश्वनी शर्मा ,अधिवक्ता प्रकोष्ठ महासचिव अश्वनी शर्मा, सिंभावली ब्लॉक अध्यक्ष नीरज मावी,हापुड़ ब्लॉक अध्यक्ष रहमान चौधरी आदि रहे।

## बिजली विभाग की उदासीनता सिर पर मंडराता मौत का खतरा

संवाददाता, शुक्लागंज,उन्नाव। बिजली विभाग की उदासीनता के चलते नगर में विभिन्न मोहल्लों में बिजली की तारों का मकड़जाल सा फैला हुआ है। खासतौर पर तंग इलाकों में शक्ति नगर, गांधी नगर, मनोहर नगर, श्री नगर, ब्राम्हनगर, गंगा नगर, प्रेम नगर, डॉकतार कालोनी, रहमत नगर, सुभाष नगर, ऋषी नगर, कंचन नगर, अम्बिका पुरम, गोपीनाथ पुरम आदि मोहल्लों में बिजली की तारों के मकड़जाल ने लोगों को परेशान कर रखा है। हर वक्त लोगों के सिर पर खतरा मंडराता रहता है। बावजूद इसके अधिकारी मौन बैठे हैं। संवादाता ने जब इन इलाकों का दौरा किया तो विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली की पोल खुल गई। बरसात होने पर तारों के मक्कड़जाल से शार्ट सर्कट होने की वजह से बिजली गुल हो जाती है। जगह-जगह पर जोड़ों की वजह से करंट फैलने का भी खतरा बना रहता है। इन इलाकों में संकरी गलियों से गुजरने वाली तारें काफी नीचे होती हैं। कुछ जगहों पर जोड़ भी खुले हुए हैं। छोटे-छोटे बच्चे अक्सर गलियों में खेलते नजर आते हैं।

## सपा नि. जिला उपाध्यक्ष ने आरिफ को शाल ओढ़ाकर कर किया स्वागत

संवाददाता, शुक्लागंज,उन्नाव। कुछ दिन पहले मंडखा निवासी आरिफ इंटरनेट मीडिया पर तब चर्चा में आ गए, जब एक सारस पक्षी के साथ उनकी तस्वीरें और वीडियो वायरल होने लगे। प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर की मीडिया तक उनका इंटरव्यू लिया। इतना ही नहीं कुछ दिन पूर्व अमेठी आए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी मंडखा जाकर मो. आरिफसे मुलाकात की थी। जिसके बाद सारस और आरिफकी दोस्ती सुर्खियों में आ गई। अमेठी जिले के मंडखा गांव निवासी मो. आरिफ व उनका दोस्त सारस एक दूसरे से अलग हो गए। राज्य पक्षी होने के नाते वन विभाग की टीम ने सारस को रायबरेली जिले के सलोन तहसील क्षेत्र स्थित समसपुर पक्षी विहार में छोड़ दिया। शनिवार को आरिफने समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र शुक्ला से उनके राजधानी मार्ग स्थित कार्यालय में मुलाकात की। जहां उनका शाल ओढ़ाकर और माला पहनाकर स्वागत किया गया। उन्होंने मांग की है कि सारस को स्वतंत्र छोड़ दिया जाए और आरिफको देखभाल करने के लिए दिया जाए।

## प्रदेश सरकार के 1 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर हापुड़ में प्रेसवार्ता

संवाददाता, जनपद हापुड़ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली वर्तमान प्रदेश सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के विशेष अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश सरकार के लोक कल्याणकारी कार्यक्रमों के अभूतपूर्व प्रयासों और परिणामों को प्रदर्शित करती विकास पुस्तिका का विमोचन,सम्बोधन प्रेसवार्ता का गढ़ रोड स्थित मनोहर हैरीटेज के हाल में सजीव प्रसारण किया गया। जिसमें सांसद राजेंद्र अग्रवाल लोकसभा क्षेत्र मेरठ के द्वारा विधायक सदर,गढ़मुक्तेश्वर, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष के साथ विकास पुस्तिका का विमोचन, प्रेसवार्ता कर विभिन्न विभागों जैसे समाज कल्याण विभाग, जिला आपूर्ति, दिव्यांगजन,श्रम विभाग स्वास्थ्य विभाग , जिला उद्योग,खादी ग्रामोद्योग, डूडा व डाकघर इत्यादि के लाभार्थियों को सम्मान पत्र भी वितरित किए गए और सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं को अवगत कराते हुए दिव्यांग लोगों को ट्राई साइकिल भी वितरित की।

## टिकाऊ खेती व पर्यावरण के बारे मे बताया

संवाददाता, प्रयागराज। सोसाइटी ऑफ बायोलॉजिकल साइंसेज एंड रूरल डेवलपमेंट द्वारा अक्षय खेती एवं टिकाऊ पर्यावरण नामक विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ शनिवार को हुआ। इस कार्यक्रम में सभी अतिथियों का स्वागत डॉक्टर एस.सी.पाठक पूर्व महाप्रबंधक नाबार्ड मुंबई ने किया। कार्यक्रम की- नोट स्पीकर डा.धृति बनर्जी निदेशक पार्णी सर्वेक्षण संस्थान कोलकाता थी। डा. बनर्जी ने बताया संयुक्त राष्ट्र सभा में 2023 को अंतरराष्ट्रीय बाजरा वर्ष के रूप में घोषित किया है। भारत बाजरे का एक प्रमुख उत्पादक है जो एशिया के उत्पादन का 80: और वैश्विक उत्पादन का 20: है। बाजरा भारत के कुल खाद्यान्न उत्पादन सामग्री का 20: हिस्सा था जो अब घटकर मात्र 6: रह गया है। बाजरा सुपर फूड है बाजरा खराब गुणवत्ता वाली मिट्टी में उग सकता है और खाद्य सुरक्षा के लिए एक अच्छी योजना भी बना सकता है इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर कृष्णा मिश्रा एमेरिटस प्रोफेसर आई आई आई टी झलवा ने की। प्रो.मिश्रा ने अनुवांशिक संशोधित फसलों की महत्ता व उनकी कृषि में उपयोगिता की चर्चा की।

## कैबिनेट मंत्री ने सरकार की उपलब्धियों की गाथा सुनाई

संवाददाता, प्रयागराज। भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के योगी सरकार की दूसरे कार्यकाल के 1 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर शनिवार को उत्तर प्रदेश के जल शक्ति कैबिनेट मंत्री एवं प्रयागराज के प्रभारी मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने सरकार की उपलब्धियॉ गिनाई। चंद्रशेखर आजाद सर्किट हाउस के प्रांगण में प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री जिनकी प्रेरणा मार्गदर्शन हमारा संबल है,उनके मार्गदर्शन मे उत्तर प्रदेश ने देश दुनिया मे नई पहचान बनाई। छह वर्ष पहले उत्तर प्रदेश क्या था 6 वर्ष का बदलाव उत्तर प्रदेश की नई गाथा कहता है। पिछले छह वर्ष मे जो कार्य योजना बनाई थी उसे पूर्ण रूप से लागू किया गया। धर्म जाति मजहब की राजनीति से अलग हटकर इसे आगे बढ़ाया। इन छ वर्ष में तीन वर्ष कोरोना संकट मे चले गये। उन्होंने कहा कि जिस उत्तर प्रदेश के बारे में अलग राय रखी जाती थी वो प्रदेश आज केंद्र की 44 योजनाओ मे नंबर एक है। आज प्रदेशवासी गर्व से देश ही नहीं वरन विदेशों में भी कहते हैं कि हम उत्तर प्रदेश से हैं।

# पुलिस लाइन से महिला पुलिसकर्मी बाइक रैली रवाना

संवाददाता



कानपुर। अयि गिरिनन्दिनि नन्दितमेदिनि विश्वविनोदिनि नन्दिनुते ... बेटी हिंदुस्तान की हूँ मैं बेटी...। कोमल है. कमजोर नहीं शक्ति का नाम ही नारी है..। नारी की शक्ति को उजागर करते हुए गीतों की यह पंक्तिया शनिवार को जब पुलिस लाइन में गूजी तो सारा माहौल ही देवी पूजन के नवरात्र और नारी शक्तिमय हो चला। मौका था नारी सशक्तिकरण को लेकर संकल्पित उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश भर की महिलाओं को सुरक्षा का एहसास कराने के उद्देश्य से निकाली गई महिला पुलिसकर्मी बाइक रैली के पड़ाव का पुलिस लाइन में महिलाशक्ति का सम्मान और बखान कर आधी आबादी को पूरी सुरक्षा देने का संकल्प लेकर बाइक रैली हमीरपुर और इटावा जनपदों के लिये रवाना हो गई। महिला पुलिसकर्मी बाइक रैली का कार्यक्रम रिजर्व पुलिस लाइन में शनिवार सुबह 10 बजे प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में माव सासद सत्यदेव पचौरी, माननीय विधायक सुरेंद्र मैथानी, जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण, पुलिस आयुक्त बीपी जोगदण्ड, संयुक्त पुलिस आयुक्त आनंद प्रकाश तिवारी, पुलिस उपायुक्त यातायात रवीना त्यागी ने गुब्बारे उड़ाकर रैली का फ्लैग आफ किया और अगले पड़ाव हमीरपुर और इटावा जनपद के लिये रवाना किया रैली में शामिल महिला पुलिसकर्मी अपने सजे धजे वाहनों से शंख और घंटों की ध्वनि के बीच आगे के सफर पर जागरुकता फैलाते हुए बढ़ गये। रास्ते में कई स्थानों पर फूलों की बारिश करके रैली का सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मा0 सांसद सत्यदेव पचौरी ने कहा कि प्रदेश की योगी और केंद्र की मोदी सरकार महिलाओं की सुरक्षा के प्रति दृढ़ संकल्पित है इसी का परिणाम है कि प्रदेश में महिला एवं बेटियों को घर से बाहर कामकाज के लिये जाने में डर नहीं लगता है वह निडर होकर आगे बढ़ रही है। पुलिस आयुक्त बीपी जोगदंड ने कहा कि यूपी पुलिस महिलाओं की सुरक्षा के लिए 24घंटे मुस्तैद है, कोई भी महिला निसंकोच बिना किसी डर के पुलिस के 112 और वूमेन पावर हेल्पलाइन 1090 पर फोन करके मदद ले सकती है पुलिस का वादा है कि बगैर देरी के आपको सुरक्षा दी जाएगी।

# आधा घंटा योग का डोज, रखेगा निरोग

श्री रामचंद्र मिशन, हार्टफुलनेस संस्थान और संस्कृति मंत्रालय की देशव्यापी पहल, दयानंद विहार, कल्याणपुर में निः शुल्क तीन दिवसीय योग शिविर शुरू, 95 लोगों ने भाग लिया आनंदपुरी और एक अप्रैल से पुखरायां के दिव्य लोक गेस्ट हॉउस में लगेगा शिविर



संवाददाता, कानपुर। योग जीवंत्ता के साथ जीने की ताकत देता है. हमारी जीवन शैली और खानपान कैसा हो हम अपने शरीर, मन और ह्रदय के लिए क्या कर सकते हैं जीवन से जुड़े ये सभी अहम पहलुओं के प्रति जन जन में जागरूकता लाने के लिए दयानंद विहार, कल्याणपुर में स्थित हार्टफुलनेस ध्यान केंद्र में तीन दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ शुक्रवार से हुआ. दोनों प्रशिक्षक अजीत पांडिया जी और शुचि सहाय ने घुटनों को ताकत देने, सर्वाइकल पेन से राहत, पाचनतंत्र को अच्छा रखने, फेफड़ों को मजबूती प्रदान करने के लिए अलग-अलग व्यायाम कराए और आसनों के लाभ बताए. प्रशिक्षक संदीपा साहू ने वैचारिक सुझाव के माध्यम से शरीर के विभिन्न अंगों के शिथिलीकरण का अभ्यास कराया. प्रशिक्षक शालिनी पांडेय ने प्राणाहुति के साथ ध्यान कराया. इस शिविर का आयोजन श्री रामचंद्र मिशन, हार्टफुलनेस संस्थान और संस्कृति मंत्रालय की ओर से चलाई जा रही देशव्यापी पहल शहर दिल ध्यान, हर दिन ध्यानश् के अनर्गत आयोजित किया गया है. सभी ध्यान प्रशिक्षक वीएन निगम, वीएस राव, डॉ. सुरेंद्र यादव, अमरीश श्रीवास्तव, अंजू श्रीवास्तव, ब्रह्म प्रकाश, ममता गुप्ता, राजेश श्रीवास्तव, बजरंगी वर्मा, सुशील यादव आदि की उपस्थिति रही. हार्टफुलनेस के स्वयं सेवक कौशल किशोर, पुनीत, जीतेन्द्र साहू, बाबू पांडेय, राजीव चौहान, पुनीत, पूर्णिमा दीक्षित, सुमन लता, रत्ना शुक्ला आदि का सहयोग रहा. आज 95 लोग उपस्थित रहें. 27 लोगों ने पहली बार हार्टफुलनेस पद्धति से ध्यान किया. जोनल कोर्डिनेटर शालिनी श्रीवास्तव ने बताया की कल से आनंदपुरी किदवई नगर में और एक अप्रैल से पुखरायां में तीन दिवसीय शिविर लगेगा।

# किसानों को मौसम के साथ खेती के बताये उपाय




संवाददाता

प्रयागराज। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा ग्रामीण कृषि मौसम सेवा परियोजना के तहत शुआट्स का एकदिवसीय किसान जागरुकता कार्यक्रम शनिवार को करछना में किया गया। कार्यक्रम कि अध्यक्षता तकनीकी अघिकारी डा.प्रवीन चरन ने की एवं प्रसार निदेशालय के समन्वयक डा. अरुण यादव, डा.सर्वेन्द्र कुमार, डा.सुबोध यादव कृषि विज्ञान केन्द्र का स्वागत किया। डा.प्रवीन चरन ने बताया कि इस परियोजना की स्थापना वर्ष 2001 में डा. एस. बी.लाल ने की। आज इससे लाखो कृषक लाभान्वित हो रहे है। उन्होने बताया कि सह नोडल अधिकारी डा. बी. मेहरा द्वारा समय- समय पर कृषको को तकनीकी जानकारी दी जाती रही है। उन्होने बताया कि मौसम विज्ञान के द्वारा अगर मौसम आधारित खेती करते हैं तो हमे निश्चित लाभ प्राप्त होगा क्योंकि मौसम पुर्वानुमान के द्वारा पता लगाकर खेती की सिंचाई गुड़ाई, बुवाई दवा का छिडकाव आदि किया जाय तों होने वाले नुकसान से बचा जा सकता है। डा.प्रवीन चरन ने बताया कि शुआट्स के द्वारा सप्ताह में मौसम पूर्वानुमान दो बार घोषित किया जाता है ।

## गोल चक्कर का नाम सरदार पटेल नाम रखने को लेकर भाकियू अराजनैतिक ने सचिव को सौंपा ज्ञापन



संवाददाता

हापुड़। हापुड़ में दिल्ली रोड से श्यामनगर कलक्ट्रेट को आने जाने वाले चौराहे पर आये दिन दुर्घटना होने के कारण श्यामनगर वासीयों ने भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के माध्यम से तत्कालीन कमीश्नर की अध्यक्षता में चल रही मीटिंग में उठाया था किसान यूनियन व श्यामनगर वासियों की माँग को कमीश्नर ने गम्भीरता से लिया और तुरन्त गोल चलकर के प्रत्ताव की स्वीकृति प्रदान कर दी जिसको किसान यूनियन ने सराहा था राजवीर सिंह भाटी के द्वारा रखे गये प्रस्ताव पर तेजी से कार्य शुरू हो गया है। उक्त गोल चक्कर का नाम महापुरुष सरदार पटेल के नाम पर रखने की माँग करते हैं ओर यह अवगत कराना है कि आजादी की लड़ाई में सरदार पटेल इसी रास्ते से होकर श्यामनगर आये थे और स्वतन्त्रता सेनानियों को सम्बोधित कर दिशा निर्देश दिये थे जिसके कारण उनकी यादे इस रास्ते और गाँव श्यामनगर से जुड़ी है। इसी दौरान आजादी के किसानो सूत्रधार महापुरुष के नाम पर रखकर श्यामनगर मार्ग व गोल चक्कर का नाम माँग को लेकर हापुड पिलखुवा विकास प्राधिकरण के सचिव प्रदीप कुमार को ज्ञापन सौंपा हापुड पिलखुवा विकास प्राधिकरण के सचिव प्रदीप कुमार किसानों आश्वासन देते हुए कहा कि आप की मांग की समस्या को लेकर जल्द से जल्द निस्तारण कराने का प्रयास किया जायेगा। इस मौके मोहित कसाना ,मूलचन्द त्यागी ,विक्रम कसाना, यतेन्द्र कसाना,सुशील कसाना, रोहित बैसोया, अपर्ण चौधरी, प्रवेश कमाना चौ0 यशवीर आदि लोग उपस्थित रहे ।

# शव की दिशा ब दशा को नजरंदाज कर पुलिस मान रही है आत्महत्या

- मृतक आधी रात के बाद कियों निकला था घर से
- निर्माणाधीन बंद मकान में नसेनी पर लटका मिला था शव

संवाददाता, मथुरा। थाना हाईवे क्षेत्र के अंतर्गत घर से गायब व्यक्ति का बंद कॉलोनी के निर्माणाधीन बंद पड़े मकान में 3 दिन बाद शव बरामद हुआ पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया घटनास्थल का निरीक्षण किया प्रथम दृष्टया हत्या के इस मामले को पुलिस दर्ज करने के बजाए गंभीर अपराध को दबाने में लगी है। जानकारी के अनुसार थाना हाईवे क्षेत्र के गांव गोविंदपुर निवासी बादाम सिंह का 35 वर्षीय पुत्र बनी सिंह उर्फ भूरा 16 मार्च की रात लगभग 2 बजे घर से चला गया जिसकी परिजनों और जानने वालों ने काफी तलाश किया 18 मार्च की सुबह पवन पाठक अपने निर्माणाधीन मकान स्थित नरेंद्र नगर सरस्वती कुंड पर मजदूरों को लेकर आया जैसे ही उसने मकान का ताला खोला उसमें की सीढ़ी पर अंगौछा के सहारे बांस की बनी नसेनी पर एक शब लटका देखा जिसकी थोड़ी बांस पर अटकी हुई थी हाथ भी नसेनी पर रखे हुए थे इस घटना की जानकारी जंगल में लगी आग की तरह चारों तरफफैल गई जिस मकान में यह सब मिला था उसकी छत पर रोशनदान के लिए जगह छोड़ी हुई थी उसके रास्ते से घटना को अंजाम दिया गया सूचना पर मृतक की पत्नी आशा देवी परिजनों और मोहल्ले वालों को लेकर मौके पर पहुंची जहां पर उसने सब की शिनाख्त अपने पति के बनी सिंह ऊर्फ भूरा के रूप में की सूचना पर पहुंची पुलिस सब और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था मशक की पत्नी पुलिस को तहरीर लिख कर दी मेरे पति की अज्ञात लोगों ने हत्या की है। मृतक की पत्नी ने बताया मृतक स्वाफी नहीं रखते थे। फिर शव के गले में मिली स्वाफी किस की थी। 1 सप्ताह से अधिक का समय व्यतीत हो जाने के बाद भी अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की है प्रभारी निरीक्षक थाना हाईवे छोटेलाल से पूछा गया तो उन्होंने घटना को आत्महत्या बताते हुए कहां चौकी इंचार्ज जांच कर रहा है दिशा और दशा में सब मिला था उसे देखकर नहीं लगता कि यह आत्महत्या का मामला है नौकरी के सबूतों से स्पष्ट होता है किसी अज्ञात लोगों के द्वारा हत्या कर सबको यहां छुपाया गया है अगर उसे आत्महत्या करनी थी तो वह अपने घर से 1 किलोमीटर दूर बंद मकान जो उसने कभी देखा भी नहीं था वहां तक कैसे पहुंच गया आखिर ऐसी कौन सी परिस्थितियां रही जिनकी वजह से वह आधी रात के बाद घर से बिना बताए निकला यदि उसे आत्महत्या करनी थी तो उसमें बंद मकान को क्यों चुना था जब से उसे नजदीक राष्ट्रीय राजमार्ग और रेलवे लाइन थी क्या मृतक को किसी ने फोन करके बुलाया या उसे कोई घर से निभाने के लिए गया था ।

## सफलता और असफलता में समान भाव से रहना ही योग है : अनिल

### संतुलन को साध लेना ही योग : प्रो.के.एन.सिंह



संवाददाता, प्रयागराज । उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा के तत्वावधान में उच्च शिक्षा निदेशालय उत्तर प्रदेश तथा उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रायोजित उत्तर प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों के शारीरिक शिक्षा के प्राध्यापकों का एक सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को सम्पन्न हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि अनिल कुमार अपर प्रमुख सचिव ने कहा कि सतत अभ्यास योग का पहला सूत्र है। सफलता और असफलता में समान भाव से रहना ही योग है। तात्कालिक असफलता बड़ी सफलता के द्वार खोलती है। जीवन में सबसे महत्वपूर्ण चीज आनंद की प्राप्ति है। कुमार ने कहा कि आवश्यकता से अधिक चीजों का संग्रह नहीं करना चाहिए। इसके लिए जीवन में अपरिग्रह सुखी जीवन का एक मूल मंत्र है। सफल जीवन से ज्यादा संतुष्ट जीवन महत्वपूर्ण है। योग जीवन में आनंद की प्राप्ति कराता है।अध्यक्षता करते हुए दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय गया के कुलपति प्रो.कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि योग संयम समन्वय एवं संतुलन की साधना का अंग है।

CMYK

# पाकिस्तान, अफगानिस्तान में भूकंप से 11 की मौत

## पाकिस्तान में पीटीआई नेता की कार पर रॉकेट हमला, नेता सहित 10 लोगों की मौत





एजेंसी, इस्लामाबाद। पाकिस्तान के कुछ हिस्सों में 6.8 तीव्रता का भूकंप आया, जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई और 160 से अधिक लोग घायल हो गए। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। वहीं 'द एसोसिएटेड प्रेस की खबर के अनुसार, अफगानिस्तान में भूकंप से दो लोगों की जान चली गई। पाकिस्तान मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के हिंदू कुश क्षेत्र में 180 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप के झटके दिल्ली सहित उत्तर भारत के कई हिस्सों में भी महसूस किए गए। विभाग के मुताबिक, पाकिस्तान में भूकंप के झटके लाहौर, इस्लामाबाद, रावलपिंडी, क्वेटा, पेशावर, लक्की मरवत, गुजरांवाला, गुजरात, सियालकोट, कोट मोमिन, मढ़ रांझा, चकवाल, कोहाट और गिलगित-बल्तिस्तान इलाकों में महसूस किए गए। 'जियो न्यूज की खबर के मुताबिक, अधिकारियों ने बताया कि भूकंप संबंधी घटनाओं में दो महिलाओं सहित नौ लोगों की मौत हो गई और 160 से अधिक लोग घायल हो गए। अंतर्राष्ट्रीय भूकंपीय केंद्र के मुताबिक, पाकिस्तान के अलावा भारत, अफगानिस्तान, तुर्कमेनिस्तान, कजाकिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, चीन और किर्गिस्तान में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। पाकिस्तान में विपक्षी दल इमरान खान की पार्टी पीटीआई के एक नेता आतिफ मुनसिफ खान की कार पर किए गए रॉकेट हमले से मुनसिफ समेत 10 लोगों की मौत हो गई। एक प्रतिद्वंदी समूह ने मुनसिफ खान की कार पर हमला कर दिया। हमले में दो लोग घायल भी हुए हैं। पाकिस्तानी अखबार डॉन के मुताबिक, ये हमला हवेलियां के लंगड़ा गांव में हुआ है। एबटाबाद के डीपीओ उमर तुफैल ने बताया कि हवेलियां तहसील के मेयर आतिफ अपनी कार से जा रहे थे, तभी एक गोली कार के ईंधन टैंक में लगी। गोली लगने से कार में आग लग गई। सोशल मीडिया पर इस हमले के वीडियो शेयर किए गए हैं। वीडियो में दिख रहा है कि कार हमले में बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। कुछ रिपोर्टों में दावा किया गया है कार पर रॉकेट से हमला हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया कि मुनसिफ ने साल 2022 में खैबर पख्तूनख्वा स्थानीय निकाय चुनाव में एबटाबाद की हवेलियां तहसील से एक निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर जीत दर्ज की थी। बाद में वह पीटीआई में शामिल हो गए थे। उनके पिता मुनसिफ खान जादून केपी विधानसभा के पूर्व सदस्य थे। जादून प्रांतीय मंत्री बने रहे। 1990 के दशक में उनकी भी हत्या कर दी गई थी। डॉन के मुताबिक, हमले के बाद मुनसिफ का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में मुनसिफ को अपनी मौत से कुछ घंटे पहले लंगड़ा गांव में बच्चों के साथ क्रिकेट खेलते देखा जा सकता है। वहीं, इस हमले के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए एबटाबाद एबटाबाद जिला मुख्यालय अस्पताल में ट्रांसफर किया गया है। पुलिस ने अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।

# राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण को मिले एक लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव

एजेंसी, प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) को राज्य के विभिन्न जिलों में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए एक लाख करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्ताव निवेशकों से मिले हैं। इन निवेश प्रस्तावों में से 83,000 करोड़ रुपये के निवेश वाले समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं। इन एमओयू को 10-12 फरवरी 2023 को लखनऊ में होने वाले वैश्विक निवेशक सम्मेलन के दौरान अंतिम रूप दिया जाएगा ताकि निवेशक कंपनियां परियोजनाओं के क्रियान्वयन का कार्य जल्द शुरू कर सकें। राज्य सरकार के एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस निवेशक सम्मेलन के जरिये उत्तर प्रदेश में बड़े स्तर पर घरेलू एवं विदेशी निवेश जुटाने का लक्ष्य रखा है। इस लिहाज से यूपीसीडा ने इस लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में अहम योगदान दिया है। यूपीसीडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मयूर माहेश्वरी ने कहा कि राज्यसरकार उत्तर प्रदेश को एक लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यस्था बनाने के लिए पूरी कोशिश कर रही है। इस लक्ष्य को पाने के लिए यूपीसीडा के वरिष्ठ अधिकारियों की नौ टीमों का गठन कर प्रथम चरण में प्रदेश के 22 जिलों में निवेशकों एवं उद्यमियों के साथ निवेश बैठकें आयोजित की गईं। निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित गोष्ठियों में निवेशकों के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। मुख्य रूप से खाद्य प्रसंस्करण, कपड़ा, वाहन, निजी औद्योगिकी पार्क, भंडारण, कागज, चिकित्सा, जैव-ईंधन, खिलौना उत्पाद, डेटा सेंटर, सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्रों में इकाइयां लगाने में रुचि दिखाई गई है। माहेश्वरी ने बताया कि निवेशक सम्मेलन से पहले प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों की टीम गठित कर राज्य के अन्य जिलों में भी निवेश गोष्ठियां आयोजित की जाएंगी। साथ ही सरकार की अन्य निवेश नीतियों का प्रचार-प्रसार कर नीतियों के अंतर्गत निवेश कराते हुए अधिक से अधिक रोजगार सृजित करने हेतु निरन्तर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हस्ताक्षर किए जा चुके एमओयू के क्रियान्वित होने के बाद हजारों लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि निवेशकों को भूमि उपलब्ध कराने के लिए यूपीसीडा ने 15,000 एकड़ से अधिक का भूमि बैंक तैयार कर लिया है। हस्ताक्षर किए जा चुके एमओयू में गाजियाबाद में ग्रूपेकर्स नेटवर्क द्वारा 10,000 करोड़ रुपये के निवेश से निजी पार्क स्थापित करने का प्रस्ताव भी शामिल है जहां करीब 10,000 लोगों को रोजगार मिलेगा। इसी तरह गौतमबुद्धनगर में मोबिलिटी इन्फ्रास्ट्रक्चर ग्रुप द्वारा 8,000 करोड़ रुपये के निवेश से लॉजिस्टिक एवं वेयरहाउस पार्क स्थापित करने से 1,000 लोगों को नौकरी मिलेगी। कानपुर में मेगा लेदर क्लस्टर डेवलपमेंट (यूपी) लिमिटेड 6,000 करोड़ रुपये के निवेश से चमड़ा उद्योग लगाने वाली है जहां पर करीब दो लाख लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। प्रतापगढ़ में भी धरित्री सॉल्यूशन प्रा. लि. एसएमआरएम इनोवेटिव वेंचर्स प्रा0 लि. 9,000 करोड़ रुपये के निवेश से निजी औद्योगिक पार्क स्थापित करने वाली है जहां 50,000 लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। इसी तरह सोनभद्र में सिटी गोल्ड इंडस्ट्रियल प्रा.लि. की तरफसे 3,000 करोड़ रुपये के निवेश से सीमेंट संयंत्र लगाने का प्रस्ताव है जहां करीब 1,000 लोगों को रोजगार मिल सकेगा। लखनऊ में वेलस्पन और लॉजिस्टिक्स पार्क्स प्रा. लि. करीब 2,000 करोड़ रुपये का निवेश करने जा रही हैं। इनके अलावा भी कई जिलों में हजारों करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव यूपीसीडा को मिले हैं।

# 15 महीने के निचले स्तर 70 डॉलर प्रति बैरल के नीचे फिसला कच्चा तेल



एजेंसी, नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम 15 महीने के निचले लेवल पर जा लुढ़का है। ब्रेंट क्रूड ऑयल प्राइस 73 डॉलर प्रति बैरल तो डब्ल्युटीआई क्रूड 67 डॉलर प्रति बैरल के करीब कारोबार कर रहा है। यहां तक की भारत की सरकारी तेल कंपनियां जो कच्चे तेल आयात करती है तो क्रूड ऑयल के इंडियन बास्केट की की कीमत भी 74 डॉलर प्रति बैरल के करीब है जो जनवरी 2023 के औसत कीमत 80.92 डॉलर प्रति बैरल से 8.50 फीसदी कम है लेकिन हैरानी की बात ये है कि इसके बावजूद सरकारी तेल कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दामों में कमी कर आम लोगों को अब तक कोई राहत नहीं दी है।बीते वर्ष 2022 में फरवरी महीने के आखिरी हफ्ते में यूक्रेन पर रूस पर हमले के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में बड़ा उछाल देखने को मिला था। कच्चा तेल 139 डॉलर प्रति बैरल के करीब जा पहुंचा जो 2008 के बाद क्रूड ऑयल की सबसे ऊंची कीमत थी। इस उछाल के बाद सरकारी तेल कंपनियों ने लगातार पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ाए जिसके बाद देश के कई शहरों में पेट्रोल डीजल के दाम 100 रुपए के पार जा पहुंचा था लेकिन खुदरा महंगाई दर में बड़े उछाल के बाद केंद्र सरकार को पेट्रोल पर 8 रुपए प्रति लीटर तो डीजल पर 6 रुपए प्रति लीटर एक्साइज ड्यूटी में कटौती करनी पड़ी। हालांकि इस दौरान उच्च स्तरों से कच्चे तेल के दामों में गिरावट भी देखने को मिली थी तो भारत को रूस से सस्ते दामों पर कच्चा तेल मिलने लगा लेकिन अब जब 70 डॉलर बैरल के पास दाम आ गिरे हैं तो भी पेट्रोल डीजल के दाम नहीं घट रहे। इसे लेकर सरकार विपक्ष के निशाने पर भी है। भारत राष्ट्र समिति के वर्किंग प्रेसीडेंट के टी रामाराव ने ट्वीट कर महंगे पेट्रोल-डीजल को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। संसद के बजट सत्र में सरकार से कई सांसदों ने कच्चे तेल के दामों में कमी के बावजूद पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं घटाए जाने को लेकर सवाल पूछे है जिसके जवाब में पेट्रोलियम मंत्री से लेकर पेट्रोलियम राज्यमंत्री ने कहा कि सरकारी तेल कंपनियों ने 6 अप्रैल 2022 के बाद पेट्रोल डीजल के दाम नहीं बढ़ाए हैं। पेट्रोलियम राज्यमंत्री रामेश्वर तेली ने राज्यसभा में कहा कि तीनों सरकारी तेल कंपनियां आईओसी, एचपीसीएल और बीपीसीएल को अप्रैल 2022 से लेकर दिसंबर 2022 के बीच 18,622 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि रुपए के टर्म्स में कच्चे तेल (इंडियन बास्केट) के दामों में 23 फीसदी प्रति बैरल का इजाफा हुआ है जबकि सरकारी तेल कंपनियों ने पेट्रोल के दाम केवल 1.08 फीसदी और डीजल के दाम 3.40 फीसदी ही बढ़ाए हैं।

# गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध



एजेंसी, नयी दिल्ली। इस साल देश में गेहूं के दाम में भारी बढ़ोतरी हुई है। यही वजह है कि इस समय आम आदमी के उपयोग का खुला आटा भी 35 रुपए किलो बिक रहा है। बाजार में गेहूं की बढ़ती कीमतों को देखते हुए इस साल मई में ही इसके निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। तब भी इस साल अप्रैल से नवंबर तक गेहूं के निर्यात में करीब 30 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। यह जानकारी केंद्र सरकार के आंकड़ों से मिली है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय से जारी आंकड़ों के मुताबिक प्रतिबंध के बावजूद गेहूं का निर्यात पिछले साल से भी ज्यादा रहा है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-नवंबर के दौरान यह 29.29 फीसदी बढ़ कर 1.50 अरब डॉलर पर पहुंच गया। पिछले साल इसी अवधि में 1.17 अरब डॉलर के गेहूं का निर्यात हुआ था। उल्लेखनीय है कि घरेलू बाजार में गेहूं की बढ़ती कीमतों को देखते हुए केंद्र सरकार ने मई में गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। हालांकि, अनुरोध करने वाले देशों की खाद्य सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए गेहूं के थोड़ा-बहुत निर्यात करने की अनुमति है। भारत से इस साल सबसे ज्यादा गेहूं का निर्यात बंगलादेश को हुआ है। कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास परिषद के आंकड़ों के मुताबिक इस साल बंगलादेश को 4082843 मिलियन टन गेहूं का निर्यात किया गया। इससे भारत को 889,398.88 लाख रुपए मिले। बंगलादेश के बाद भारत से सबसे ज्यादा गेहूं का निर्यात श्रीलंका को किया गया। वहां इस साल अभी तक 582917 मिलियन टन गेहूं का निर्यात किया गया। इसके बाद संयुक्त अरब अमिरात का स्थान रहा। वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक इस साल के शुरूआती आठ महीने में बासमती चावल का निर्यात भी बढ़ा है। अप्रैल-नवंबर 2022 के दौरान चावल का निर्यात 39.26 फीसदी बढ़ कर 2.87 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। इसी अवधि में गैर-बासमती चावल का निर्यात 5 फीसदी बढ़कर 4.2 अरब डॉलर का रहा। चालू वित्त वर्ष के आठ महीनों में कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों का निर्यात 16 प्रतिशत बढ़कर 17.43 अरब डॉलर का हो गया।

# 31 मार्च तक बैंकों में नहीं रहेगी कोई छुट्टी, रविवार को भी होगा काम




एजेंसी, नयी दिल्ली। वित्त वर्ष 2022-2023 समाप्त होने में अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। 1 अप्रैल के साथ ही नए फाइनेंशियल ईयर की शुरुआत हो जाएगी। बता दें, इस दौरान हम साल भर में हुए सभी खर्च का ब्यौरा या हिसाब करते है। मार्च महीने में ही सारे अकाउंट का हिसाब किताब होता है, फिर इसे क्लोज कर दिया जाता है। ऐसे में आरबीआई ने सभी बैंकों को रविवार को खुले रहने का निर्देश दिया है। दरअसल, 31 मार्च मौजूदा वित्त वर्ष का आखिरी दिन होता है। इस दिन बैंकों में क्लोजिंग का काम होता है। यही वजह है कि आरबीआई ने सभी बैंकों को सरकारी लेन-देन के लिए शाखाएं खोलने के आदेश जारी किए हैं। हालांकि, ग्राहकों के लिए इस दिन बैंकों में कामकाज नहीं होगा लेकिन बैंक ब्रांच में चेक जमा हो सकेंगे। 31 मार्च के बाद लगातार 2 दिन यानी 1 और 2 अप्रैल को बैंकों में कामकाज नहीं होगा। केंद्रीय बैंक के पत्र में कहा गया है, सभी एजेंसी बैंकों को 31 मार्च, 2023 को सामान्य कामकाजी घंटों तक सरकारी लेनदेन से संबंधित काउंटर लेनदेन के लिए अपनी नामित शाखाओं को खुला रखना चाहिए. इसने आगे कहा कि नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर और रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट सिस्टम के माध्यम से लेनदेन 31 मार्च, 2023 की रात 12 बजे तक जारी रहेगा। साथ ही, 31 मार्च को सरकारी चेकों के संग्रह के लिए विशेष समाशोधन आयोजित किया जाएगा, जिसके लिए आरबीआई का भुगतान और निपटान प्रणाली विभाग आवश्यक निर्देश जारी करेगा।

# कोल इंडिया को 70 करोड़ टन का उत्पादन पार करने का भरोसा



एजेंसी, कोलकाता। सार्वजनिक क्षेत्र की कोयला कंपनी कोल इंडिया के चेयरमैन प्रमोद अग्रवाल ने भरोसा जताया है कि कंपनी मार्च 2023 तक 70 करोड़ टन उत्पादन के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को पार कर लेगी। इसके साथ ही उन्होंने कंपनी की समुचित क्षतिपूर्ति के लिए दामों में संशोधन कोबहुत जरूरी बताया है। सरकार की तरफ से कंपनी के लिए निर्धारित वार्षिक उत्पादन लक्ष्य को अगर वह 12 फीसदी से अधिक वृद्धि के साथ हासिल कर लेती है तो यह उसकी एक बड़ी उपलब्धि होगी। वर्ष 2021-22 में कंपनी का उत्पादन 62.26 करोड़ टन था। अग्रवाल ने कहा कि भारत की बढ़ती ऊर्जा मांग को पूरा करने के लिए कंपनी अधिक कोयला उत्पादन करने के साथ ही देश के शून्य-कार्बन उत्सर्जन लक्ष्य को पाने में मदद देने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए भी कई कदम उठा रही है। अग्रवाल ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए एक साक्षात्कार में कहा, ''70 करोड़ टन का उद्देश्य अपने-आप में चुनौतीपूर्ण और महत्वाकांक्षी है। अभी तक तो हम इस लक्ष्य के आगे चल रहे हैं। दिसंबर में हमने 101 फीसदी लक्ष्य हासिल किया है। हमारा उद्देश्य आगे रहना और 70 करोड़ टन उत्पादन के वार्षिक लक्ष्य को पार करना है। हमें भरोसा भी है कि हम ऐसा कर पाएंगे।'' उन्होंने कहा कि चौथी तिमाही में कोल इंडिया के लिए चुनौती जनवरी-मार्च 2022 के 20.9 करोड़ टन उत्पादन से आगे बढ़ने की है। चालू वित्त वर्ष में दिसंबर 2022 तक कोल इंडिया ने 16 फीसदी की वृद्धि के साथ करीब 47.9 करोड़ टन उत्पादन किया और कोयला लदान 50.8 करोड़ टन रहा। अग्रवाल ने बताया कि पूंजीगत व्यय चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 33 फीसदी बढ़कर 7,027 करोड़ रहा। अनुमान है कि वित्त वर्ष 2022-23 के अंत तक यह 16,500 करोड़ रुपये पर पहुंच जाएगा। दो साल की अवधि में पूंजीगत व्यय दोगुना से अधिक होकर 2021-22 में 15,401 करोड़ रुपये रहा था जबकि 2019-20 में यह 6,270 करोड़ रुपये था। उन्होंने कहा कि कोल इंडिया का पूंजीगत व्यय बढ़ने की मुख्य वजह भूमि अधिग्रहण, आधुनिक उपकरण बेड़े को अपनाने और अन्वेषण अवसंरचना का मशीनीकरण रही है। मुद्रास्फीति को काबू में करने के लिए कोयले के दाम लगभग पांच वर्ष से स्थिर बने हुए हैं। कोयला के दाम पर अग्रवाल ने कहा, ''कोयले के दाम करीब पांच वर्ष से स्थिर हैं। लेकिन एक वाणिज्यिक कॉरपोरेट कंपनी होने के नाते हमें पर्याप्त क्षतिपूर्ति मिलनी चाहिए और दामों में बदलाव करना भी बहुत आवश्यक है।

# भारत को अगले 20 साल में 31,000 पॉयलट की होगी जरूरत : बोइंग




एजेंसी, मुंबई। विमान बनाने वाली अमेरिकी कंपनी बोइंग ने कहा है कि भारत को अगले 20 साल में 31,000 पायलट और 26,000 मैकेनिक की जरूरत पड़ सकती है। कंपनी ने विमान मूल उपकरण विनिर्माताओं के बढ़ते ऑर्डर के बीच यह अनुमान लगाया है। उद्योग मंडल सीआईआई के एक कार्यक्रम के दौरान बोइंग इंडिया के अध्यक्ष सलिल गुप्ते ने अलग से बातचीत में यह भी कहा कि दक्षिण एशियाई बाजार के अगले 20 साल तक वैश्विक स्तर पर तीव्र वृद्धि वाला बाजार बने रहने की उम्मीद है।उन्होंने कहा, ''भारत में जो विमान आ रहे हैं, उन्हें देखते हुए अगले 20 साल में 31,000 से अधिक पायलट तथा 26,000 मैकेनिक की जरूरत होगी। यह भारतीय विकास गाथा का उतना ही महत्वपूर्ण हिस्सा है जितना कि विमान ऑर्डर। बोइंग इंडिया के शीर्ष अधिकारी ने कहा कि भारत की हवाई यातायात वृद्धि को देखते हुए बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने पर बहुत अधिक ध्यान देने की जरूरत होगी। इसमें हवाईअड्डे के साथ-साथ पायलट तथा अन्य चीजें भी शामिल हैं।टाटा समूह की विमानन कंपनी एयर इंडिया ने पिछले महीने बोइंग और यूरोप की प्रमुख विमानन कंपनी एयरबस दोनों को कुल 470 विमानों के लिये ऑर्डर देने की घोषणा की थी। बोइंग ने पिछले सितंबर में अनुमान जताया था कि वर्ष 2040 तक भारत के हवाई यातायात में लगभग सात प्रतिशत की वृद्धि होगी। गुप्ते ने यह भी कहा कि महामारी से बाहर आने के बाद हवाई यात्रा की मांग में हुए सुधार ने दुनिया को स्तब्ध कर दिया है और बोइंग को हवाई यात्रा के विकास पर वित्तीय संकट का कोई भी प्रभाव नहीं दिखता है।

# महिंद्रा की नई इकाई में 600 करोड़ रुपए का निवेश करेगी आईएफसी




एजेंसी, नयी दिल्ली। विश्व बैंक समूह की इकाई आईएफसी वाहन कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) की एक नई इकाई में 600 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। आईएफसी महिंद्रा एंड महिंद्रा के पूर्ण स्वामित्व वाली अंतिम छोर तक परिवहन (एलएमएम) सुविधा उपलब्ध कराने वाली कंपनी में 600 करोड़ रुपए का निवेश कर रही है। इसे एक नई कंपनी (न्यूसीओ) के रूप में गठित किया जाएगा। मुंबई की कंपनी एमएंडएम ने बयान में कहा कि आईएफसी देश में आईएफसी का ईवी विनिर्माता में यह पहला निवेश है। साथ ही यह इलेक्ट्रिक तिपहिया में उसका पहला निवेश हेगा। आईएफसी यह निवेश 6,020 करोड़ रुपए के मूल्यांकन पर अनिवार्य परिवर्तनीय माध्यमों के जरिए कर रही है। इस निवेश से नई कंपनी में आईएफसी को 9.97 प्रतिशत से 13.64 प्रतिशत के बीच हिस्सेदारी मिलेगी। महिंद्रा एंड महिंद्रा के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अनीश शाह ने कहा, ''भारत के निर्धारित जलवायु लक्ष्य को हासिल करने के लिए परिवहन क्षेत्र को कार्बन मुक्त करना जरूरी है। आईएफसी हमारे लिए स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने पर ध्यान देने के साथ एक आदर्श भागीदार है।

## 45 साल की उम्र में दीपशिखा नागपाल को खली पार्टनर की कमी, एक्ट्रेस ने बयां किया अकेलेपन का दर्द




एक्ट्रेस दीपशिखा नागपाल टीवी की जानी मानी एक्ट्रेस में से एक है दीपशिखा ने टीवी इंडस्टी में अपने हुनर से अपना जलवा बिखेरा हुआ है दीपशिखा ने टीवी सीरियल 'रंजू की बेटियां', 'न उम्र की सीमा हो', 'कशमकश जिंदगी की' और 'अधूरी कहानी हमारी' जैसे शोज में काम किया है। साथ ही दीपशिखा ने अपने टैलेंट को फिल्मों में भी अजमाया है। दीपशिखा ने अपनी जिन्दगी में दो बार शादिया की है उनकी पहली शादी जीत उपेंद्र से साल 1997 में हुई थी जिनसे उनका तलाक साल 2007 में हो गया था इसके बाद भी एक्ट्रेस ने हार ना मानते हुए दूसरी शादी साल 2012 में कैशव अरोड़ा संग की फिर एक्ट्रेस ने दूसरे पति पर फिजिकल अब्यूज का आरोप लगाया था जिसके बाद दोनों साल 2016 में अलग हो गए। आजकल दीपशिखा का करियर इन दिनों सेट है पर फिर भी दीपशिखा की जिन्दगी में एक चीज की कमी खल रही है वो कुछ और नहीं वो है उनके जीवन के प्यार दरअसल एक्ट्रेस की मैरिड लाइफ में खुशियों की कमी चल रही है क्योकि एक्ट्रेस का घर दो दो बार टूट चूका है। दो-दो बार तलाक ले चुकी दीपशिखा को अब पार्टनर की कमी खाल रही है। दरअसल हाल ही में एक्ट्रेस दीपशिखा की सिस्ट सर्जरी हुई है अब वो धीरे धीरे रिकवर कर रही है। ऐसे में दीपशिखा के लिए इस मुश्किल समय में अकेले रिकवर करना दिन पर दिन मुश्किल होता जा रहा है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान दीपशिखा ने बताया कि वो बहुत स्ट्रांग है लेकिन वो अपनी जिन्दगी में एक पार्टनर को मिस करती है वही दीपशिखा का कहना है कि वो अकेले खुद को संभालते हुए थक चुकी है। दीपशिखा ने आगे कहा- इस बार जब मै बीमार हुई तो सिर्फ रोती रही और फिर मैंने अपने डॉक्टर से पुछा कही मुझे पोस्ट सर्जरी डिप्रेशन तो नहीं हो गया है क्योकि मै छोटी-छोटी बातो पर चीड़ जाती हूं, मैं घर गई और बच्चों के सामने रोते हुए कहा कि मैं ये सब अकेले नहीं कर सकती क्योकि जब आप बीमार होते हैं तो आपको घर पर अपनेपन की जरूरत होती है। आगे दीपशिखा ने कहा मै बहुत स्ट्रांग वीमेन हूं पर इस बात से भी मैं इंकार नहीं कर सकती कि मुझे अपनी जिन्दगी में एक पार्टनर की कमी खलती है। मुझे लगता है काश कोई होता जिससे मै सब शेयर कर पाती और वो मेरा साथ देता।

‹‹‹ बॉलीवुड ‹‹‹

# इस लुक में ढाया कहर


## अंकिता लोखंडे ने शादी के बाद पहली बार पति संग ऐसे सेलिब्रेट किया गुड़ी पड़वा






छोटे परदे की बेहद खूबसूरत अदाकारा कही जाने वाली अंकिता लोखंडे इन दिनों अपने प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा अपने पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। दरअसल एक्ट्रेस ने हाल ही में शादी रचाई हैं। ऐसे में अंकिता इन दिनों अपने मैरिड लाइफ को एन्जॉय करती हुई दिख रही हैं। बता दे की देश में आज बड़े ही धूमधाम से गुड़ी पड़वा सेलिब्रेट की जा रही हैं। ऐसे में हमारे छोटे परदे की बहुएं इन सारे चीजों से दूर कैसे रह सकती हैं। फिर क्या निकिता लोखंडे ने शादी के बाद इस अंदाज में अपना पहली गुड़ी पड़वा सेलिब्रेट किया हैं। दरअसल अंकिता लोखंडे इस बार अपने नए घर में पहली बार गुड़ी पड़वा सेलिब्रेट कर रही हैं। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टा अकाउंट पर गुड़ी पड़वा की पूजा करते हुए एक वीडियो शेयर किया है। जिसमें कपल काफी क्यूट अंदाज में पूजा करते हुए नजर आ रहा है। साथ ही पूजा करते हुए कपल का एक-दूसरे के प्रति प्यार भी दिखाई दे रहा है। अंकिता इस दौरान ग्रीन साड़ी पहने मराठी लुक में नजर आ रही हैं। तो वहीं विकास धोती-कुर्ता पहने हुए हैं। दोनों ने फैंस को भी गुड़ी पड़वा की शुभकामनाएं दी हैं। दोनों ही कपल अक्सर एक दूसरे पर प्यार लुटाते हुए नजर आते रहते हैं। ऐसे में हाल ही में एक मीडिया को दिए इंटरव्यू के दौरान भी अंकिता अपने पति की कुछ खासियत बताती हुई दिखाई दे रही हैं। जहां अंकिता ये कहते दिखी थी की- जब से विक्की मेरी लाइफ में आए हैं, हम इसे हर साल मनाते हैं। वो हर बार यहां नहीं होते, इसलिए हमारी शादी के बाद ये दूसरी बार है। वहीं विकास जैन ने कहा, मेरे लिए, ये गुड़ी पड़वा से परिचित होने जैसा है, खासकर अंकिता के मेरे जीवन में आने के बाद। पहले साल हमने इसे अपने मलाड हाउस में मनाया, तो इस बार यह हमारे नए अंधेरी हाउस में है! बता दे की अंकिता ने 14 दिसंबर 2021 को विकास जैन के साथ सात फेरे लिए थे। जिसके बाद दोनों ही कपल एक दूसरे के साथ काफी खुश नजर आते हैं। बता दे की शादी के बाद दोनों ने स्टार प्लस पर प्रसारित होने वाले रियलिटी शो स्मार्ट जोड़ी में भी हिस्सा लिया था। जहां दोनों ही कपल ने इस शो को जीता भी था।

## सिनेमघरो के बाद अब ओटीटी पर भी धमाल मचाती नजर आई शाहरुख खान की पठान, डिलीट किए सीन्स





बॉलीवुड स्टार्स शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म पठान बॉक्स ऑफिस पर कितना धमाल मचाती नजर आई ये बात तो किसी से नहीं छिपी हैं। फिल्म का प्रदर्शन सिनेमाघरों में इस कदर रहा की ये बॉलीवुड की लिस्ट में 1000 करोड़ की लिस्ट में शामिल होने वाली फिल्म बन गई। ना सिर्फ भारत बल्कि पूरे विश्व में इसके फिलमित प्रदर्शन को लेकर चर्चे हुए। और सिनेमघरो पर अपना जादू बिखेरने के बाद अब इस फिल्म को ओटीटी प्लेटफार्म पर भी उतरा गया जहाँ फिल्म ने अपना जादू बिखेरने भी कोई कमी नहीं छोड़ी। साथ ही आपको बता दे कि ओटीटी पर रिलीज होने के बाद पठान में वो सीन्स भी दिखाए गए हैं, जिन्हें थिएटर में रिलीज से पहले डिलीट कर दिया गया था। लोगों ने जब पठान में डिलीट किए सीन्स देखे तो उनके होश ही उड़ गए हैं। लोग उन सीन्स के वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर अब तेजी से शेयर कर रहे हैं और कह रहे हैं कि ये सीन फिल्म में होते तो थिएटर में पक्का आग लगा देते। फिल्म पठान को 22 मार्च को प्राइम वीडियो पर रिलीज किया गया और रिलीज के बाद से ही यह ट्विटर पर छाई हुई दिखाई दे रही हैं। ट्विटर पर अब सिर्फ पठान और पठान आन पाइम ही ट्रेंड कर रहा है। मालूम हो कि पठान थिएटर्स में 25 जनवरी 2023 को रिलीज हुई थी। रिलीज से पहले सेंसर बोर्ड ने फिल्म से कुछ सीन्स डिलीट करवा दिए थे। लेकिन अब जब फिल्म को ओटीटी प्लेटफार्म पर उतारा गया तो इसमें सारे डिलीट किए सीन्स को जोड़ दिया गया हैं। जहां पूरी फिल्म से हटकर पठान के दो सीन्स की खासतौर पर काफी चर्चा हो रही है जिसे देख यूजर्स कह रहे हैं कि ये थिएटर्स में दिखाई जाती तो पक्का तहलका मचा देती। पठान जब थिएटर्स में रिलीज हुई थी, तो उसमें एक सीन था, जिसमें शाहरुख को कुर्सी से बांधकर टॉर्चर किया जा रहा था। इस सीन के वीडियो क्लिप को एक यूजर ने ट्विटर पर शेयर किया है और कहा है कि शाहरुख के टॉर्चर वाले सीन को ओटीटी पर बढ़ाया गया है। फिल्म के एक और सीन है, जिसमें पठान स्टार शाहरुख खान लिफ्ट से निकलकर ऑफिस एरिया में घुसते हैं। जिस अंदाज में वह एंट्री करते हैं, उसे देख हर कोई एकटक देखता रह जाता है।



››› बॉलीवुड ‹‹‹

## थलाइवी के डिस्ट्रीब्यूटर की डेढ़ साल बाद भी नहीं हुई नुकसान की भरपाई, प्रोड्यूसर ने अब कर दी ये डिमांड

बॉलीवुड की कंट्रोवर्सी क्वीन कंगना रनौत भले ही चुनिंदा फिल्में करती हैं। लेकिन उन फिल्मों में एक्ट्रेस के किरदार काफी इंट्रेस्टिंग और जोरदार होते हैं। इन्ही फिल्मों की लिस्ट में कंगना के खाते में एक फिल्म और है। जहां फिल्म को तो कुछ खास महत्त्व नहीं मिल पाई थी। लेकिन फिल्म में कंगना की एक्टिंग की काफी ज्यादा तारीफ होते हुए देखा गया था। बावजूद इसके फिल्म को डिस्ट्रब्यूटर को भारी नुक्सान का सामना करना पड़ा था। कंगना रनोट को भले ही फिल्म थलाइवी में जयललिता के किरदार के खूब वाहवाही मिली हो, लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर खास कमाई नहीं कर पाई है। रिपोर्ट्स के अनुसार एंटरटेनमेंट चौनल जी इस फिल्म की डिस्ट्रीब्यूटर थी, जिन्होंने अब फिल्म मेकर्स से 6 करोड़ रुपए वापस करने की डिमांड की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक कंपनी ने फिल्म मेकर्स से 6 करोड़ में डिस्ट्रीब्यूशन राइट्स खरीदे थे, लेकिन मेकर्स ने अभी तक इसकी भरपाई नहीं की। पैसा न मिलने की वजह से जी ने प्रोडक्शन कंपनी को कई ईमेल और लेटर भेजे, इसके बावजूद मेकर्स की तरफ से कोई रिस्पॉन्स नहीं आया है। ऐसे में अब अंदाजा लगाया जा रहा है कि जल्द ही जी अपने पैसों को वापस पाने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटा सकता है, क्योंकि फिल्म को रिलीज हुए अब डेढ़ साल से ज्यादा का समय हो चुका है। बता दे की कंगना रनौत बॉक्स ऑफिस पर बैक टू बैक फ्लॉप फिल्में दे रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस की रिलीज हुई फिल्म धाकड़ भी परदे पर बुरी तरह से फ्लॉप हुई थी। रिपोर्ट्स की माने तो धाकड़ के भी प्रोडूसर और डिस्ट्रीब्यूटर को भारी नुक्सान का सामना करना पड़ा था। ऐसे में अब इतने सारे घाटे होने के बाद कंगना रनोट अब खुद के प्रोडक्शन में बनी फिल्म इमरजेंसी रिलीज करने वाली हैं। जिसमे कंगना खुद ही लीड रोल में भी नजर आने वाली हैं। साथ ही कंगना ही इस फिल्म को डायरेक्ट और प्रोडूस भी कर रही हैं। इस फिल्म में कंगना तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाएंगी। इस फिल्म की कहानी साल 1977 में लगी इमरजेंसी पर आधारित है।



हिन्दी दैनिक/डिजिटल स्टार एक्सप्रेस सोच... बदलते भारत की
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक नरेन्द्र कुमार द्वारा सांई ऑफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन, कैसरबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं एमजी-18, सेक्टर-सी, अलीगंज, लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक: नरेन्द्र कुमार । (पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा) R.N.I. No.- UPHIN/2008/24076 Email Id : starexpressnews@gmail.com

CMYK